www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 31.c
28.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 98.935g
चांदी 100,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 भारत की भलाई की जानबूझकर अनदेखी, देश हित पर भारी पड़ रहे दलगत स्वार्थ

शॉर्ट सर्किट से बंद मकान में लगी आग 04

वर्ष :08 | अंक :344 | मुंबई ,गुरूवार ,05 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## आरसीबी की विक्ट्री परेड से पहले मची भगदड़ , अब तक11 लोगों की मौत

### कई लोग घायल ,कांग्रेस नेता फोटो खिंचाने में लगे थे, बाहर लोग मर रहे थे, बेंगलुरु भगदड़ पर बोली बीजेपी

**भगदड़**

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक ये भगदड़ स्टेडियम के गेट नंबर-1 के पास हुआ है। स्टेडियम पहुंचने से पहले आरसीबी के खिलाड़ी विधान सभा पहुंचे थे। जहां चीफ मिनिस्टर ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

एजेंसी

बेंगलुरुः आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की शानदार जीत का जश्न दुखद हादसे में बदल गया. खबर के मुताबिक, बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाली आरसीबी की विक्ट्री परेड से पहले अचानक भगदड़ मच गई. सूत्रों के मुताबिक, इस भगदड़ में 11 लोगों के मारे जाने की खबर है. 7 की मौत बॉरिंग अस्पताल में और 4 की मौत वैदेही अस्पताल में हुई है.

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, भगदड़ में मौतों की संख्या बढ़ सकती है. वहीं, कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा है कि, इस भगदड़ की न्यायिक जांच होनी चाहिए. वहीं, भीड़ को इकट्ठा होने से रोकने के लिए कब्बन पार्क और विधानसौधा में मेट्रो स्टॉप को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है. यहां हजारों प्रशंसक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम की एक झलक पाने के लिए एकत्र हुए थे, जिसने मंगलवार को अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था. शूरू में प्राप्त खबरों के मुताबिक, चिन्नास्वामी स्टेडियम में मची भगदड़ में दो युवकों के मारे जाने की खबर मिली थी. उसके बाद 4 लोगों के मारे जाने की खबर मिली, जो अब 11 हो गई है.इस भगदड़ में 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं. यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम की पहली आईपीएल जीत का जश्न मनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था. अधिकारियों ने मृतकों और घायलों के नाम और अन्य विवरण अभी तक साझा नहीं किए हैं.घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है और तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है.



**डिप्टी सीएम बोले- गर्व होना चाहिए, पर जीवन से बड़ा नहीं**

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भगदड़ भी घटना पर कहा- लोग जो आरसीबी की आईपीएल जीत का जश्न देखने वाले थे, उन्हें इस त्रासदी और मौत ने गहरा दुख और सदमा पहुंचाया है। मृतकों और उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। गर्व होना चाहिए, लेकिन जीवन से बड़ा नहीं। मैं सभी से अपील करता हूं कि कृपया सुरक्षित रहें।

**भाजपा ने कहा- घटना की न्यायिक जांच हो**

कर्नाटक विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा एमएलसी चालावाड़ी नारायणस्वामी ने कहा- यह घटना सरकार की वजह से हुई है। उन्हें इस बात का कोई अंदाजा नहीं था कि कितने लोग आएंगे, क्या सावधानियां बरतनी होंगी। यह सुरक्षा में चूक है।

## यूट्यूबर जसबीर सिंह को पंजाब में जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया

हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ निकट संपर्क में रहे पंजाब के एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया गया है और पुलिस का कहना है कि उससे जुड़े एक जासूसी नेटवर्क का पता चला है।

एजेंसी

पंजाब। पंजाब पुलिस ने बुधवार को 1.1 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर वाले यूट्यूबर जसबीर सिंह को पाकिस्तान समर्थित जासूसी नेटवर्क का हिस्सा होने के आरोप में गिरफ़्तार किया। यह गिरफ़्तारी उस व्यापक जांच का हिस्सा है जिसमें पहले हरियाणा की प्रभावशाली महिला ज्योति मल्होत्रा को भी इसी तरह के आरोपों में गिरफ़्तार किया गया था।

### ज्योति मल्होत्रा के साथ निकट संपर्क में था जसबीर सिंह

हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ निकट संपर्क में रहे पंजाब के एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया गया है और पुलिस का कहना है कि उससे जुड़े एक जासूसी नेटवर्क का पता चला है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि जान महल नाम का यूट्यूब चैनल संचालित करने वाले एवं रूपनगर जिले के महलां गांव निवासी जसबीर सिंह का संबंध एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट (पीआईओ) से पाया गया है। उन्होंने बताया कि सिंह मल्होत्रा के भी निकट संपर्क में था, जिसे पहले हरियाणा पुलिस ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया था।

### आतंक-समर्थित जासूसी नेटवर्क का हिस्सा

यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जान महल नामक एक यूट्यूब चैनल संचालित करने वाले जसबीर सिंह का संबंध पीआईओ शाकिर उर्फ जट्ट रंधावा के साथ पाया गया है, जो आतंक-समर्थित जासूसी नेटवर्क का हिस्सा है। डीजीपी ने बताया कि उसका दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के उस अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से भी संपर्क था, जिसे भारत ने निष्कासित कर दिया गया था। शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा, जांच से पता चला है कि दानिश के निमंत्रण पर जसबीर दिल्ली में पाकिस्तान राष्ट्रीय दिवस कार्यक्रम में शामिल हुआ था, जहां उसकी मुलाकात पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों और व्लॉगर्स से हुई थी।

**ज्योति मल्होत्रा और पाकिस्तानी गुर्गों से थे संबंध**



## संक्षिप्त समाचार

### अहमदाबाद से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट में बम की धमकी, यात्रियों को बाहर निकाला गया, जांच जारी

अधिकारियों ने बताया कि अहमदाबाद से पटना जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ए 921) में बम की धमकी मिलने के बाद बुधवार को दोपहर करीब 1 बजे पटना के जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल (जेपीएनआई) एयरपोर्ट पर विमान के उतरने के बाद विमान में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। विमान के उतरने के करीब 40 मिनट बाद विमान में सवार सभी 192 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और उसे पटना एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में पार्क कर दिया गया। बाद में विमान को बे नंबर 1 में ले जाया गया, जहां यात्रियों को उतरने दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद विमान को पूरी तरह से सुरक्षा जांच के लिए एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में पार्क किया गया और विमान में सवार सभी 192 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गौरतलब है कि बम की धमकी इंडिगो स्टेशन मैनेजर शालिनी के सेलफोन पर विमान के पटना में उतरने के बाद व्हाट्सएप मैसेज के जरिए भेजी गई थी। एयर ट्रैफिक कंट्रोल को भेजे गए मैसेज के मुताबिक, इस मैसेज में नैपकिन टिश्यू पर 'बम' लिखा हुआ था, जिसने तुरंत सीआईएसएफ को अलर्ट कर दिया।

### झारखंड में अवैध पिस्तौल के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

झारखंड के पलामू जिले में अवैध पिस्तौल के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किए जाने के आरोप में 20-वर्षीय एक व्यक्ति को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तौफीक अंसारी ने देसी पिस्तौल और कारतूस पांच हजार रुपये में खरीदे थे। पुलिस के अनुसार, वीडियो प्रसारित होने के तुरंत बाद ही उसे छतरपुर थाना क्षेत्र के दली गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) रिष्मा रमेशन ने बताया कि वह (आरोपी) इलाके में बंदूक लेकर घूम रहा था, जिससे लोग असुरक्षा महसूस कर रहे थे।

## इलॉन मस्क के पिता कुर्ता-पायजामा में पहुंचे अयोध्या

### हाथ जोड़कर नमस्कार किया; बेटी भी साथ; रामलला-हनुमानगढ़ी के दर्शन किए

वह करीब 30 मिनट तक हनुमानगढ़ी में रहे। इस दौरान संत-महंतों से बात की। फिर इरॉल मस्क अयोध्या एयरपोर्ट से दिल्ली रवाना हो गए। इस दौरान थ्री लेयर सिक्योरिटी का इंतजाम रहा। ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी की गई।

एजेंसी

अयोध्या , दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क के पिता इरॉल मस्क बुधवार को अयोध्या पहुंचे। वे दिल्ली से प्राइवेट जेट से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। उनके साथ बेटी एलेक्जेंड्रा मस्क, मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा समेत 16 लोग आए थे।कुर्ता-पायजामा पहने इरॉल मस्क एयरपोर्ट से सीधे राम मंदिर पहुंचे। वहां दर्शन-पूजन किया। करीब 40 मिनट तक राम मंदिर में रुके। इस दौरान राम मंदिर के बारे में जानकारी ली। ट्रस्ट के लोगों ने इरॉल को रामलला का प्रसाद भेंट किया।इसके बाद इरॉल मस्क हनुमानगढ़ी पहुंचे। दर्शन-पूजन कर परिक्रमा की। संकटमोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास और हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास ने उनको रामनामी पटका और हनुमानजी का चित्र भेंट दिया। इरॉल मस्क और उनकी बेटी एलेक्जेंड्रा को गुलाब का माला पहनाई गई। हनुमानजी का तिलक लगाया गया।



## चार राज्यों में अक्टूबर 2026 से जातीय जनगणना

### पहले फेज में हिमाचल, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड, बाकी राज्यों में 1 मार्च 2027 से होगी

कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

एजेंसी

नई दिल्ली , केंद्र सरकार दो फेज में जातीय जनगणना कराएगी। गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि पहले फेज की शुरूआत 1 अक्टूबर 2026 से होगी। इसमें 4 पहाड़ी राज्य-हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं।1 मार्च 2027 से दूसरा फेज शुरू होगा। इसमें देश के बाकी राज्यों में जनगणना शुरू होगी। गृह मंत्रालय ने अपने प्रेस रिलीज में बताया कि जातियों की गणना के साथ-साथ जनसंख्या जनगणना भी कराने का फैसला लिया गया है। इससे जुड़ा नोटिफिकेशन 16 जून 2025 को आधिकारिक राजपत्र में पब्लिश किया जा सकता है।केंद्र ने 30 अप्रैल 2025 को जातीय जनगणना कराने का ऐलान किया था। देश में आजादी के बाद यह पहली जातीय जनगणना होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि जातीय जनगणना को मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। 2011 में सामाजिक-आर्थिक गणना हुई, आंकड़े जारी नहीं मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना करवाई गई थी।



## मानसून सत्र 2025: 21 जुलाई से शुरू होकर 12 अगस्त तक चलेगा: रिजिजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के अनुसार सरकार ने संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त 2025 तक चलाने का निर्णय लिया है.

एजेंसी

नई दिल्लीः संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है. यह सत्र 12 अगस्त तक चलेगा. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को इसकी जानकारी दी है. जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद विपक्ष लगातार संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहा है. इस बीच सरकार ने आज मानसून सत्र शुरू करने की घोषणा कर दी.दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला है.



## सरेंडर उनके डीएनएऔर कांग्रेस की डिक्शनरी में है; राहुल गांधीकी बातें देशद्रोह से कम नहीं

### राहुल के 'नरेंदर सरेंडर' बयान पर बोले नड्डा

दरअसल, राहुल गांधी ने मंगलवार को भोपाल में मोदी के खिलाफ बयान दिया था। उन्होंने कहा था, 'ट्रम्प का एक फोन आया और नरेंद्र जी तुरंत सरेंडर हो गए। भाजपा - वालों को मैं अच्छी तरह से जानता हूं। इन पर थोड़ा सा दबाव डालो, थोड़ा सा धक्का मारो। ये डरकर भाग जाते हैं।'

एजेंसी

नई दिल्ली ,कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 'नरेंदर सरेंडर' वाले बयान पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पलटवार किया है। नड्डा ने बुधवार को पर दो पोस्ट किए। इसमें उन्होंने राहुल गांधी से कहा- राहुल गांधी, सरेंडर आप करते होंगे, क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है। भारत कभी सरेंडर नहीं करता। सरेंडर आपकी पार्टी कांग्रेस की डिक्शनरी में है, आपके डीएनए में है। नड्डा ने लिखा, 'पाकिस्तान तो रोते-रोते दुनिया को बता रहा है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 18 जगह हमला करके सब कुछ तबाह कर दिया और राहुल गांधी देश के सरेंडर की बात कर रहे हैं। उनको पता होना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की घोषणा सरकार ने नहीं, बल्कि भारतीय सेना के अधिकारियों ने की थी।भाजपा अध्यक्ष ने आगे लिखा, 'जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में तबाही मचाई, उसके बाद पाकिस्तान की जनता से लेकर उसकी सेना और उसके प्रधानमंत्री ने भी वो कहने की हिम्मत नहीं की, जो राहुल गांधी बोल रहे हैं। उन्होंने जो कहा, वह देशद्रोह से



## कुर्बानी सार्वजनिक स्थानों पर न करें, साफ-सफाई और सौहार्द का रखें ध्यानः शाही इमाम

देश भर में 7 जून 2025 को ईद उल अजहा का त्यौहार मनाया जाएगा. ईद-उल-अजहा मुस्लिम समुदाय के प्रमुख त्योहारों में से एक है.

एजेंसी

नई दिल्लीः शनिवार, 7 जून 2025 को देश भर में ईद उल अजहा का त्यौहार मनाया जाएगा. ईद-उल-अजहा मुस्लिम समुदाय के प्रमुख त्योहारों में से एक है. ईद-उल-अजहा के त्यौहार को लेकर दिल्ली की जामा मस्जिद की नायब शाही इमाम मौलाना सैयद शाबान बुखारी ने मुस्लिम समुदाय से विशेष अपील की है. सैयद शाबान बुखारी ने मुस्लिम समुदाय से अपील करते हुए कहा है कि, ईद-उल-अजहा के त्योहार पर कुबार्नी सार्वजनिक स्थान, सड़कों या खुले स्थानों पर ना करते हुए केवल घरों के अंदर या निर्धारित स्थलों पर ही करें.सार्वजनिक स्थानों और खुले पर ना करें कुबार्नीः मौलाना बुखारी ने अपील में कहा है ।



**बैठक** सड़क परियोजनाओं की समीक्षा की

## गडकरी ने दिल्ली के उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री के साथ की बैठक

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना तथा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ बुधवार को बैठक की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की मौजूदा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के बाद गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्र और शहर दोनों जगह सत्ता में होने का हवाला देते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार दिल्ली के लोगों को लाभान्वित कर रही है। गुप्ता ने कहा, दिल्ली में एनएचएआई की 35,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं जारी हैं। शिव मूर्ति से नेल्सन मंडेला रोड तक सात किलोमीटर लंबी भूमिगत सुरंग बनाने का काम जारी है। आईएनए से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक एलिवेटेड रोड के निर्माण पर काम जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने अपनी सड़कों के आसपास जल निकासी व्यवस्था बनाने का काम भी अपने हाथ में ले लिया है। उन्होंने कहा, इससे कई एजेंसियों के काम करने से होने वाली समस्याएं खत्म हो जाएंगी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) उनकी मदद करेगा। गुप्ता ने बताया कि एनएचएआई ने दिल्ली के लिए 150 करोड़ रुपये की लागत वाली रोड ओवरब्रिज (आरओबी) और रोड अंडरब्रिज (आरयूबी) परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। उन्होंने कहा, दिल्ली के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने इसके लिए केंद्र का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने अपनी सड़कों के आसपास जल निकासी व्यवस्था बनाने का काम भी अपने हाथ में ले लिया है। उन्होंने कहा, इससे कई एजेंसियों के काम करने से होने वाली समस्याएं खत्म हो जाएंगी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) उनकी मदद करेगा।

गुप्ता ने बताया कि एनएचएआई ने दिल्ली के लिए 150 करोड़ रुपये की लागत वाली रोड ओवरब्रिज (आरओबी) और रोड अंडरब्रिज (आरयूबी) परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है।

उन्होंने कहा, दिल्ली के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने इसके लिए केंद्र का आभार जताया।




"मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने अपनी सड़कों के आसपास जल निकासी व्यवस्था बनाने का काम भी अपने हाथ में ले लिया है।

## राज्यपाल बागडे ने पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया

इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया। उन्होंने जल, जंगल और जमीन बचाने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर काम करने का आह्वान करते हुए ऐसे पेड़ लगाने पर जोर दिया है जो अधिक से अधिक छांव दें और भरपूर ऑक्सीजन दें। यहां एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, पर्यावरण की समस्या नैसर्गिक नहीं है, मिलकर प्रयास करें तो हम पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं।

आधिकारिक बयान के अनुसार राज्यपाल ने कहा, हमें ऐसे पेड़ लगाने चाहिए जो अधिक से अधिक छांव दें और भरपूर ऑक्सीजन दें। बरगद और पीपल दिन रात ऑक्सीजन देते हैं। ऐसे पेड़ लगाने भूमि गर्म नहीं होगी। भूमि गर्म नहीं होगी तो हवा गर्म नहीं होगी। इसी से पर्यावरण शुद्ध रहेगा। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया। उन्होंने जल, जंगल और जमीन बचाने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, पानी बचाने के लिए प्रयास किए जाएं। पानी बचेगा तभी भूमिगत जल संरक्षण हो सकेगा। उन्होंने जलयुक्त गांव बनाए जाने का आह्वान किया।




## सम्पादकीय

### मिसाल बनेंगी रक्षा क्षेत्र की निजी कंपनियां, देश के रक्षा उत्पादन उद्योग को मिलेगा बूस्ट

वैश्विक रक्षा एवं विमानन बाजार पर कुछ देशों की चुनिंदा कंपनियों का ही दबदबा रहा है। बाकी दुनिया उन्हीं पर निर्भर रही है। अब सशक्त नीतिगत समर्थन एवं बढ़ती मांग ने भारत के लिए व्यापक अवसरों के द्वार खोले हैं। टाटा समूह देश में परिवहन विमान निर्माण की दिशा में कदम बढ़ा रहा है तो एयरबस जैसी दिग्गज कंपनी भी देश में उत्पादन को प्राथमिकता दे रही है। वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने हाल में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा रक्षा सामग्री की आपूर्ति में देरी का मुद्दा उठाया। ऐसे स्वर पहले भी उठते रहे हैं। इस सबके बीच कुछ दिनों पहले मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि आपरेशन सिंदूर की सफलता स्वदेशी हथियारों की क्षमता एवं मेक इन इंडिया तकनीक के महत्व को रेखांकित करती है ।रक्षा मंत्री भी रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की व्यापक भूमिका की बात कह चुके हैं। इसमें संदेह नहीं कि 2018 से ही भारतीय रक्षा उत्पादन उद्योग तेजी से बढ़ा है, लेकिन उसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी अपेक्षाकृत सीमित बनी हुई है। यह सही समय है कि इसका दायरा बढ़ाया जाए। अमेरिका आधुनिक सैन्य-औद्योगिक जुगलबंदी का उत्कृष्ट उदाहरण है। ऐसा मुख्य रूप से निजी क्षेत्र की मेहरबानी से है ।एक समय अमेरिका की सामरिक जरूरतों की पूर्ति सरकारी उद्यमों से होती थी। करीब 68 प्रतिशत नौसैनिक जहाज सरकारी यार्ड में बनते थे और प्रमुख रक्षा तकनीक मुख्यतः ब्रिटेन से आयात होती थी। 19वीं सदी के आखिरी वक्त में निजी कंपनियों के इस क्षेत्र में आगमन ने वहां रक्षा उत्पादन के पूरे समीकरण बदल डाले। इन कंपनियों ने आधुनिक तकनीक में निवेश बढ़ाकर, औद्योगिक लाबी बनाकर रक्षा उत्पादन को नए आयाम दिए। प्रथम विश्व युद्ध के समय जब अमेरिका सैन्य महाशक्ति के रूप में स्थापित हुआ, तब निजी क्षेत्र उसकी रीढ़ बन चुका था ।भारत में वाहन निर्माण से लेकर साफ्टवेयर क्षेत्र में उत्तरोत्तर बढ़ती ताकत में निजी क्षेत्र का अहम योगदान रहा है। देश में सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उत्पादन उपक्रमों ने भी अपनी विश्वसनीयता अर्जित की है। हाल के वर्षों में उनका प्रदर्शन और बेहतर हुआ है, लेकिन वे मुख्य रूप से लाइसेंस उत्पादन प्रणाली पर काम करते हैं। इस प्रणाली में उत्पादन की मात्रा, उसकी गति एवं सामरिक स्वायत्तता के मोर्चे पर अपनी कुछ सीमाएं हैं ।आपरेशन सिंदूर ने इस आवश्यकता को नए सिरे से रेखांकित किया कि भारत के समक्ष उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों के निराकरण के लिए एक सक्षम स्वदेशी इनोवेटिव इकोसिस्टम का विकास करना होगा। इनोवेशन फार डिफेंस एक्सीलेंस यानी आइडीईएक्स जैसी पहल ने दर्शाया है कि भारतीय तकनीक वैश्विक मानकों की बराबरी करने और कई मामलों में उनसे इक्कीस साबित हो सकती हैं।

## आज का विचार






## राशिफल

**मेष राशि :** आज ग्रह दशा अधिक अनुकूल नहीं है, इसलिए कोई भी बड़ा काम हाथ में लेने से पहले कई बार सोच लें. आज आपके खर्चे काफी बढ़े रहेंगे और इस कारण से आपका तनाव काफी बढ़ सकता है. स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव की स्थिति रहेगी और आपके कुछ विरोधी आज सिर उठा सकते हैं.

**वृषभ राशि:** आज का दिन काफी अनुकूल है. ग्रहों की चाल से आपको लाभ होगा और आपकी आय में वृद्धि होगी. नौकरी में इंक्रीमेंट के बारे में विचार किया जा सकता है, इसलिए कोई ऐसा न करें कि अधिकारी आपके खिलाफ हो जाएं. प्रेमी जातकों के लिए आज का दिन बहुत ही खुशी भरा रहेगा और आप रिश्ते में बढ़ते प्यार से अभिभूत रहेंगे.

**मिथुन राशि:** दिन शुभ है और आज आपका मन धार्मिक कार्यों में लगेगा. आप लोगों की भलाई के लिए कुछ काम करेंगे. आप जहां काम करते हैं, वहां आज आपकी ही चर्चा होगी. आपके प्रदर्शन की लोग तारीफ करेंगे. आप मन लगाकर खूब मेहनत करेंगे.

**कर्क राशि:** कर्क राशि वालों पर किस्मत मेहरबान रहेगी और सभी कार्य सरलता से पूर्ण होंगे। भाग्य आपके पक्ष में रहेगा, जिससे आपको लगभग सभी कार्यों में सफलता मिलेगी. आज आपको किसी खूबसूरत जगह की यात्रा करने का मौका मिलेगा, जहां जाने से मन प्रसन्न रहेगा और जीवन में ताजगी आएगी.

**सिंह राशि :** आज लाभ का दिन है. ग्रहों का गोचर आपको अपने बारे में सोचने पर मजबूर करेगा. कुछ बातें हैं जो आपने किसी को नहीं बताई. आज उन बातों पर कहीं चर्चा हो सकती है.

**कन्या राशि:** आज का दिन अनुकूल है. ग्रहों और सितारों की चाल आज आपके व्यवसाय के लिए कोई नई खुशखबरी लेकर आएगी. आज आपको कुछ नए लोगों से व्यापारिक सौदे प्राप्त हो सकते हैं जिससे आपका कारोबार चमकेगा. दांपत्य जीवन में भी तनावपूर्ण स्थितियों का अंत होगा और एक दूसरे के प्यार में आप लोग खुश रहेंगे.

**तुला राशि:** आज ग्रहों की स्थिति बहुत अनुकूल नहीं है, इसलिए भूलकर भी धन का निवेश न करें, अन्यथा आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है. अगर आपने पहले से ही कहीं निवेश किया हुआ है तो आज उस निवेश का अच्छा परिणाम प्राप्त होने की उम्मीद है.

**वृश्चिक राशि :** लाभ का दिन है. आज आपके चारों ओर प्रेम की हवा फैलेगी, जिससे आपका दिन बेहद खुशनुमा रहेगा. आज आप अपने प्यार को खुलकर महसूस करेंगे और अपने पार्टनर को खुश रखने की पूरी कोशिश करेंगे.

**धनु राशि:** आज का दिन शुभ है और आपके लिए विशेष लाभ के योग बन रहे हैं. ग्रहों की स्थिति आज आपके लिए कुछ खास लेकर आई है. मन में प्रसन्नता का भाव रहेगा और परिवार का प्रेम भी आपको प्राप्त होगा. आज आप परिवार की जरूरतों को समझेंगे और आपका पूरा ध्यान घरेलू जीवन पर रहेगा.

**मकर राशि:** आज का दिन खुशनुमा बीतेगा और पुरानी यादें ताजा करने का भी मौका मिलेगा. आज दोस्तों से मिलने में समय व्यतीत करेंगे और खूब गपशप करेंगे. भाई-बहनों की ओर से कोई सुखद समाचार सुनने को मिलेगा, जिससे आपके चेहरे पर खुशी आएगी. किसी काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है.

**कुंभ राशि:** ग्रहों की स्थिति शुभ है और आज आर्थिक चुनौतियां कुछ कम होंगी. कहीं से पैसा आपके पास आएगा, जिससे आपको राहत की सांस लेने का मौका मिलेगा.

**मीन राशि :** मीन राशि वालों के लिए आज ग्रहों की दशा शुभ है और आज जहां हाथ रखोगे वहीं सफलता मिलेगी. आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और सेहत भी मजबूत रहेगी. आज आप अपना दांपत्य जीवन बहुत अच्छे से व्यतीत करेंगे और अपने जीवनसाथी के लिए कुछ ऐसा खरीदेंगे जिससे वो बेहद खुश होंगे.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# भारत की भलाई की जानबूझकर अनदेखी, देश हित पर भारी पड़ रहे दलगत स्वार्थ

> आम तौर पर अपने ही नेता की आलोचना गुटबाजी उसके बढ़ते कद या फिर नेतृत्व की उससे नाराजगी के चलते की जाती है। सलमान खुर्शीद कांग्रेस के ऐसे नेता नहीं हैं लेकिन उन्हें भी नहीं बख्शा गया। अपने देश में दूसरे दलों और उनके नेताओं पर सही-गलत आरोप लगाने में कोई समस्या नहीं होती लेकिन इसका भी एक समय होता है।

पा आखिरकार शशि थरूर के बाद कांग्रेस के कुछ नेताओं ने पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने और आपरेशन सिंदूर का औचित्य बताने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल अपने एक और नेता सलमान खुर्शीद पर भी हमला बोल दिया। जैसे थरूर ने ऐसे नेताओं का नाम न लेते हुए उन्हें जवाब दिया, वैसे ही खुर्शीद ने भी। इसी के साथ उन्होंने अपनी पीड़ा बयान करते हुए यह प्रश्न भी किया कि क्या देशभक्त होना इतना कठिन है? यह केवल एक प्रश्न नहीं, पीड़ा भी है। इस पीड़ा का अनुभव कांग्रेसजन भी कर रहे होंगे, लेकिन वे कुछ कह नहीं सकते, क्योंकि उन्हें भी पता है कि थरूर और खुर्शीद पर हमले पार्टी नेतृत्व के करीबी कर रहे हैं। थरूर और गांधी परिवार के रिश्ते शायद तबसे ठीक नहीं चल रहे, जबसे उन्होंने मल्लिकार्जुन खरगे के विरुद्ध अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा। राहुल गांधी के अति विश्वासपात्र जयराम रमेश ने उन पर कटाक्ष करते हुए कहा था, कांग्रेस में होने और कांग्रेस का होने में फर्क होता है। लोकसभा चुनाव का टिकट न मिलने पर पाला बदलने और अब खुद को कांग्रेस का सिपाही कहने वाले उदितराज की समझ से थरूर भाजपा के सुपर प्रवक्ता बन गए हैं। अतीत में नरेन्द्र मोदी और शशि थरूर एक-दूसरे की आलोचना कर चुके हैं। बाद में



कुछ मौकों पर दोनों ने एक-दूसरे की प्रशंसा भी की। थरूर ने आपरेशन सिंदूर को भारत की उचित प्रतिक्रिया बताते हुए ट्रंप पर भी निशाना साधा। थरूर के विपरीत सलमान खुर्शीद गांधी परिवार के करीबी माने जाते हैं। वह पहले भी भाजपा के आलोचक रहे हैं और अब भी हैं ।उन्होंने कहा भी, क्या यहां मैं सरकार का विरोध करने आया हूं? यदि ऐसा करना होगा तो भारत जाकर करूंगा। यहां तो मैं भारत के पक्ष में बोलने आया हूं। यह वही खुर्शीद हैं, जिन्होंने अपनी किताब में लिखा था कि हिंदुत्व इस्लामिक स्टेट और बोको हराम जैसा है। तब उनकी आलोचना इसी स्तंभ में की गई थी। खुर्शीद पर इसलिए निशाना साधा गया, क्योंकि इंडोनेशिया में उन्होंने जम्मू-कश्मीर से अनु. 370 हटाने को सही बताया। ध्यान दें कि इस अनुच्छेद को हटाने के फैसले का समर्थन करने वाले कांग्रेस के कई नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। यह राहुल गांधी और उनके करीबी ही बता सकते हैं कि थरूर के साथ खुर्शीद को निशाने पर लेने से कांग्रेस या फिर देश के कौन से हित सध रहे हैं, क्योंकि आम लोगों के लिए इसे समझना कठिन है। क्या कांग्रेस नेतृत्व यह बुनियादी बात भी नहीं समझता कि मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार और भारत में अंतर है? आम तौर पर अपने ही नेता की आलोचना गुटबाजी, उसके बढ़ते कद या फिर नेतृत्व की उससे नाराजगी के चलते की जाती है। सलमान खुर्शीद कांग्रेस के ऐसे नेता नहीं हैं, लेकिन उन्हें भी नहीं बख्शा गया। अपने देश में दूसरे दलों और उनके नेताओं पर सही-गलत आरोप लगाने में कोई समस्या नहीं होती, लेकिन इसका भी एक समय होता है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा सांसद निशिकांत दुबे विश्व में भारत की बात कहने से ज्यादा जोर एक्स पोस्ट के जरिये कांग्रेस पर हमला करने में दे रहे हैं। हैरानी है कि सरकार और भाजपा की ओर से कोई उनसे यह क्यों नहीं कह रहा कि दुबे जी, जरा थम जाएं, देश लौटकर कांग्रेस का कच्चा-चिट्ठा खोलिएगा और अभी उस पर ध्यान दें, जिसके लिए विदेश गए हैं। हर राजनीतिक दल और नेता के अपने-अपने राजनीतिक हित होते हैं और वे अपने वोट बैंक की अतिरिक्त चिंता करते हैं। इसमें हर्ज नहीं, लेकिन कभी-कभी ऐसे अवसर आते हैं, जब देश हित को ही सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। इसका परिचय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में शामिल कई विपक्षी नेता शानदार तरीके से दे रहे हैं। स्पेन गए हमारे नेता वहां जब भारतीय समुदाय से मिले तो किसी ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहीं कनीमोरी से पूछा-भारत की राष्ट्रीय भाषा क्या है? उनका जवाब था-एकता में अनेकता हमारी राष्ट्रीय भाषा है। प्रश्न पूछने वाले की बोलती बंद हो गई और शेष लोगों ने करतल ध्वनि की। इस पर विशेष रूप से गौर करें कि कनीमोरी उस डीएमके की सांसद हैं, जो यह थोथा प्रचार कर रही है कि मोदी सरकार तमिल भाषा पर हिंदी थोप रही है ।बहरीन में असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान को खूब धोया और पाकिस्तानियों को उनकी बात अच्छे से समझ आ जाए, इसलिए कुछ शब्द उर्दू में भी बोले। विपक्ष में मोदी सरकार का उनसे बड़ा कट्टर आलोचक शायद ही कोई हो, लेकिन वह पाकिस्तान को जैसी खरी-खोटी सुना रहे हैं, उससे उनके समर्थक भी हैरान हो सकते हैं। उन्होंने साफ कहा था कि पहलगाम में लोगों को उनका मजहब पूछकर मारा गया। कई तथाकथित सेक्युलर नेता ऐसा कहने-मानने में लजा गए थे। एक कांग्रेस नेता ने तो कहा था कि भला आतंकियों के पास इतनी फुर्सत कहां थी कि वे लोगों को मारने से पहले उनका मजहब पूछते ।निःसंदेह पहलगाम में पर्यटकों की सुरक्षा में कमी-अनदेखी पर सवाल पूछे ही जाने चाहिए, लेकिन इस अंदाज में नहीं कि वे पाकिस्तान के टीवी चैनलों पर चलने लगें और वहां की सेना और सरकार को इन सवालों के सहारे यह शोशा छोड़ने में आसानी होने लगे कि पहलगाम में आतंकी हमला तो भारत ने खुद कराया था।

# भारत की बढ़ती शीतलन मांग: ऊर्जा-कुशल विकल्पों के लिए एक कॉल

विजय गर्ग

भारत के तेजी से आर्थिक विस्तार और शहरी परिवर्तन ने ऊर्जा की मांग में अभूतपूर्व वृद्धि को बढ़ावा दिया है। इस वृद्धि के सबसे दृश्यमान परिणामों में से एक बिजली की खपत में वृद्धि है, जो 2013-14 में 136 गीगावाट (जीडब्ल्यू) से 2023-24 में 243 गीगावाट तक चढ़ गया है। 30 मई, 2024 को देश ने पीक पावर डिमांड में 250 गीगावॉट का सर्वकालिक उच्च स्तर दर्ज किया। यह प्रवृत्ति धीमी होने का कोई संकेत नहीं दिखाती है, एक प्रमुख योगदानकर्ता के बढ़ते तापमान और शहरी आबादी के विस्तार के बीच शीतलन समाधान की बढ़ती आवश्यकता है ।अकेले 2024 में, इनडोर जलवायु नियंत्रण की बढ़ती मांग को रेखांकित करते हुए, एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री में 40-50 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आगे देखते हुए, गर्मियों 2025 में पीक बिजली की मांग में 9-10 प्रतिशत की वृद्धि देखने की उम्मीद है, जो ठंडा जरूरतों से भारी है। पहले से ही, प्रशंसक और एसी शहरी भारत में घरेलू बिजली के उपयोग के लगभग आधे हिस्से में योगदान करते हैं। फिर भी, इसके बावजूद, केवल लगभग 3 प्रतिशत परिवार ही सुपर ऊर्जा-कुशल छत प्रशंसकों का उपयोग करते हैं। प्राथमिक बाधा सामर्थ्य है, क्योंकि ये प्रशंसक आमतौर पर एक उच्च अग्रिम लागत लेते हैं। इस सामर्थ्य अंतर को संबोधित करना न केवल एक आर्थिक चिंता है, बल्कि एक रणनीतिक अनिवार्यता भी है। ऊर्जा-कुशल शीतलन उपकरणों को व्यापक रूप से अपनाने से भारत को ग्रिड तनाव को कम करने, ऊर्जा की खपत को कम करने और दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने का एक अनूठा अवसर मिलता है।



### पीक की मांग

हर साल, भारत 10 से 15 मिलियन नई एसी इकाइयों के बीच जोड़ता है। 2035 तक, देश 150 मिलियन अधिक स्थापित देख सकता था। सर्वव्यापी छत पंखे के उपयोग के साथ, यह वृद्धि बिजली की मांग में एक तेज मौसमी वृद्धि पैदा करती है - विशेष रूप से सबसे गर्म महीनों के दौरान। यह मौसमी चोटी बिजली के बुनियादी ढांचे पर भारी दबाव डालती है, जिससे अक्सर ब्लैकआउट होता है, बिजली प्रदाताओं के लिए खरीद लागत में वृद्धि होती है, और उपभोक्ताओं के लिए अविश्वसनीय आपूर्ति होती है। इस संदर्भ में, शीतलन उपकरणों की दक्षता में सुधार केवल एक घरेलू मुद्दा नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बन जाती है। पावर ग्रिड पर लोड को कम करके, ऊर्जा-कुशल उपकरण बिजली की आपूर्ति को स्थिर करने में मदद कर सकते हैं।

### स्वामित्व की कुल लागत

कई उपभोक्ता अपने थोड़े अधिक मूल्य वाले टैग के कारण ऊर्जा-कुशल उपकरण खरीदने में संकोच करते हैं। हालांकि, ये उपकरण अक्सर समय के साथ महत्वपूर्ण धन बचाते हैं। स्वामित्व की कुल लागत की अवधारणा में न केवल प्रारंभिक खरीद मूल्य शामिल है, बल्कि उत्पाद के जीवनकाल पर परिचालन लागत भी शामिल है। 5-स्टार एसी और बीएलडीसी (ब्रशलेस डायरेक्ट करंट) जैसे उच्च दक्षता वाले उपकरण अपने कम कुशल समकक्षों की तुलना में सालाना 50 प्रतिशत तक कम बिजली की खपत करते हैं। 8 से 10 वर्षों के उपयोग से, ये बचत प्रारंभिक मूल्य अंतर से कहीं अधिक हो सकती है। अध्ययनों से संकेत मिलता है कि स्वामित्व की समग्र लागत को 17 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है, जिससे न केवल पर्यावरण की दृष्टि से बल्कि आर्थिक रूप से उच्च दक्षता वाले मॉडल बन सकते हैं।

### एसी के लिए माइलेज 'की रेटिंग

उपभोक्ताओं को सूचित निर्णय लेने में मदद करने के लिए, भारत ने एयर कंडीशनर के लिए भारतीय मौसमी ऊर्जा दक्षता अनुपात प्रणाली की शुरूआत की। आईएसईईआर एसी के लिए एक ₹माइलेज₹ लेबल के समान है, जो मौसमी विविधताओं में खपत ऊर्जा की प्रति इकाई शीतलन आउटपुट को मापता है। एक उच्च आईएसईईआर रेटिंग बेहतर ऊर्जा प्रदर्शन का प्रतीक है। उदाहरण के लिए, 5.0 या उससे अधिक के आईएसईईआर मूल्य के साथ 5-स्टार एसी 30 किलोमीटर प्रति लीटर देने वाली कार की तुलना में है, जबकि 3.5 रेटिंग वाला 3-स्टार एसी 20 किमी / लीटर के करीब हो सकता है। समय के साथ, यह अंतर पर्याप्त बिजली बिल बचत में तब्दील हो जाता है - 5-स्टार एसी को एक स्मार्ट निवेश बनाता है, विशेष रूप से भारत जैसे जलवायु में, जहां गर्मियों की शीतलन की आवश्यकता गहन होती है।

### क्यों वीएलडीसी प्रशंसक नब्ज बनाता है?

भारतीय घरों में छत के पंखे सबसे व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले शीतलन उपकरण हैं और अक्सर दिन में 15 से 18 घंटे काम करते हैं, विशेष रूप से गर्म क्षेत्रों में। पारंपरिक प्रेरण-आधारित प्रशंसक आमतौर पर 70-80 वाट का उपभोग करते हैं, जबकि ऊर्जा-कुशल बीएलडीसी प्रशंसकों को केवल 28-35 वाट की आवश्यकता होती है। घरेलू स्तर पर, यह बिजली के बिलों पर 15 प्रतिशत तक की बचत में तब्दील हो जाता है। जबकि एक पारंपरिक प्रशंसक के लिए कठफ 1,300 की तुलना में इछऊउ प्रशंसक की लागत कठफ 2,700 के आसपास होती है, ऊर्जा बचत के माध्यम से अंतर को 18 महीने से कम समय में फिर से जोड़ा जा सकता है।

उसके बाद, प्रशंसक अपने 7-8 वर्ष के जीवनकाल के शेष के लिए लगभग लागत मुक्त संचालित करता है। बीएलडीसी प्रशंसकों को व्यापक रूप से अपनाने से परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ सकता है। यदि प्रत्येक भारतीय घर ने सिर्फ दो ऐसे प्रशंसकों को स्थापित किया और उन्हें प्रतिदिन 15 घंटे तक संचालित किया, तो राष्ट्रीय बचत सालाना कठफ 78,000 करोड़ से अधिक हो सकती है।

### वाट क्षमता मिथक को डिबंकिंग करना

एक सामान्य गलत धारणा यह है कि उच्च वाट क्षमता का अर्थ बेहतर प्रदर्शन है। यह गलतफहमी विशेष रूप से प्रकाश की जगह में प्रचलित है, जहां उपभोक्ता अक्सर मानते हैं कि 9-वाट का बल्ब 6-वाट की तुलना में उज्जवल है। वाट क्षमता ऊर्जा की खपत को इंगित करती है - चमक नहीं। एल ई डी जैसी दक्षता-केंद्रित प्रौद्योगिकियां प्रति वाट अधिक लुमेन का उत्पादन करती हैं

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता: नेपथ्य में देश के लोकतंत्र की आस्था पर विस्वास और गर्व

संजीव ठाकुर

हमें स्वतंत्रता अथक मेहनत एवं खून पसीना बहाने के बाद प्राप्त हुई है। स्वाधीनता के बाद हमारे संवैधानिक इतिहास में लोकतंत्र की संरचना को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। इस महान लोकतंत्र की आस्था और विश्वास के कारण ही देश का मनोबल बहुत ऊंचा एवं गगनचुम्बी है हमें इस पर गर्व होना चाहिए और यही कारण है कि भारत में लोकतंत्र की आस्था तथा विस्वास के चलते ही ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के अंदर घुसकर हमला किया और आतंकवादियों तथा उसके पोषक पालकों के छक्के छुड़ा दिए और भारत ने युद्ध में बड़ी सफलता पाई। भारतीय फौज के शौर्य और शक्ति का लोहा पूरी दुनिया में स्वीकार किया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे भारत में लोकतांत्रिक आस्था और गर्व पर विश्वास करने वाली 141 करोड़ जनता का बड़ा समर्थन है। देश की जागरूक जनता ने ऑपरेशन सिंदूर के संचालन में भारत सरकार और भारतीय तीनों सेना के अंगों का भरपूर समर्थन किया है, भारत के नागरिकों को भारतीय सेना के अदम्य साहस और वीरता पर गर्व है। हमें इन गौरवशाली पलों को अनंत काल तक बनाए रखना होगा और इसके साथ ही स्वाधीनता को भी चिरकाल तक अस्मिता की तरह संजोए रखने की आवश्यकता है। जातिभेद, रंगभेद और सामाजिक कुरीतियों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की अंतर्निहित शक्ति को और ताकतवर बनाना है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2025 तक यह प्रयास करती रही कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए, पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया है वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरूआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 131 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं, पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पाया वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाए संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पाया हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगा केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती है

# नवी मुंबई से गेटवे ऑफ इंडिया तक का सफर सिर्फ 40 मिनट में, मंत्री नितेश राणे ने वाटर टैक्सी शुरू करने को कहा

**मुंबई जल्द ही जलमार्ग से नवी मुंबई हवाई अड्डे से जुड़ जाएगा। मंत्री नितेश राणे ने बताया कि नवी मुंबई एयरपोर्ट को मुंबई से जोड़ने के लिए वॉटर टैक्सी सर्विस शुरू की जाएगी। इस सर्विस के शुरू होने से मुंबई से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक का सफर केवल 40 मिनट में पूरा हो सकेगा।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः मुंबई जल्द ही जलमार्ग से नवी मुंबई हवाई अड्डे से जुड़ जाएगा। मत्स्य पालन और बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने बताया कि नवी मुंबई एयरपोर्ट को मुंबई से जोड़ने के लिए वॉटर टैक्सी सर्विस शुरू की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी जगहों पर जेटी बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इस सर्विस के शुरू होने से मुंबई से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक का सफर केवल 40 मिनट में पूरा हो सकेगा।

## मंत्रालय में हुई बैठक

वॉटर टैक्सी शुरू करने को लेकर मंत्रालय में एक मीटिंग हुई। इस मीटिंग में परिवहन, बंदरगाह और हवाई यातायात विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय सेठी, नवी मुंबई एयरपोर्ट अथॉरिटी के ब्रिजेश सिंघल और महाराष्ट्र सागरी मंडल के प्रदीप बढिये समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद थे। मीटिंग में वॉटर टैक्सी सर्विस शुरू करने के लिए जरूरी सुविधाओं पर भी बात हुई।

## अभी कैसी है व्यवस्था?

राणे ने कहा कि वॉटर टैक्सी के लिए टर्मिनल बनाने का काम धीरे-धीरे शुरू किया जाए।

# 'उद्धव सेना को बर्बाद करने के लिए संजय राउत ही काफी', फडणवीस के करीब मंत्री ने बोला हमला

**राज्य के जल संसाधन मंत्री और बीजेपी नेता गिरीश महाजन और उद्धव सेना के मुख्य प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य संजय राउत के बीच वाक युद्ध जारी है। महाजन ने संजय राउत को दलाल बताते हुए कहा है कि उद्धव ठाकरे को बर्बाद करने के लिए किसी विपक्ष की जरूरत नहीं है, बस एक राउत ही काफी हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः राज्य के जल संसाधन मंत्री और बीजेपी नेता गिरीश महाजन और उद्धव सेना के मुख्य प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य संजय राउत के बीच वाक युद्ध जारी है। महाजन ने संजय राउत को दलाल बताते हुए कहा है कि उद्धव ठाकरे को बर्बाद करने के लिए किसी विपक्ष की जरूरत नहीं है, बस एक राउत ही काफी हैं। इससे पहले राउत ने कहा था कि जब बीजेपी राज्य में सत्ता से बाहर होगी तो सबसे पहले पार्टी छोड़ने वाले महाजन ही होंगे। फडणवीस के करीबी हैं महाजन बीजेपी के वरिष्ठ नेता महाजन को मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस का करीबी माना जाता है, लेकिन राजनीति हलकों में यह चर्चा गरम है कि फडणवीस और महाजन के बीच अब पहले जैसा रिश्ता नहीं रहा। इसका कारण माना जा रहा है कि 2014 में मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार एकनाथ खडसे को साइड करने में महाजन की बड़ी भूमिका रही। आज खडसे पार्टी में भी नहीं है।

## राउत का वार

दोनों के बीच बयानबाजी की शुरूआत महाजन से हुई। नासिक जिले के एक कार्यक्रम में महाजन ने कहा था कि उद्धव सेना खत्म होने की कगार पर है। अगले आठ दिनों में उनके साथ कोई नहीं बचेगा। महाजन का यह बयान सांसद संजय राउत को चुभ गया। राउत ने पलटवार करते हुए कहा कि महाजन सबसे पहले यह तय करें कि क्या पार्टी में उनकी खुद की जमीन बची भी है या नहीं। बीजेपी एक समय पवित्र लोगों की पार्टी हुआ करती थी। आज पार्टी को दलाल, भ्रष्ट लोग और ठेकेदार चला रहे हैं और ये लोग हमारी पार्टी को मिटाने निकले हैं। जिनके पास पुलिस है, पैसा है, वे इन ताकतों का इस्तेमाल कर लोगों को डराकर पार्टी तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए बीजेपी ने जो दलाल नियुक्त किए हैं, गिरीश महाजन उन्हीं में से एक हैं। जिस दिन सत्ता हमारे पास होगी, सबसे पहले दल बदलने वालों में गिरीश महाजन ही होंगे।

## महाजन की भाषा उनके ही दल को डुबो देगी–राउत

राउत ने दावा किया कि राज्य में महाविकास आघाडी की सरकार के दौरान जब उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे, तब गिरीश महाजन के घोटालों की जांच शुरू हुई थी। उस समय महाजन पार्टी बदलने के लिए भी तैयार थे। तब महाजन की ओर से संदेश भेजे जा रहे थे कि वह राजनीति छोड़ देंगे, शांत बैठेंगे।

फास्ट ट्रैक

# मुंबई के पास बसा यह गांव बना इस्लामिक स्टेट लिबरेट जोन?

**महाराष्ट्र के ठाणे जिले के पडघा में एटीएस की छापेमारी ने आतंकवाद के आरोपों को फिर से उजागर कर दिया है। NIA की पिछली कार्रवाई में गांव को 'मुक्त क्षेत्र' घोषित करने और करकर के समर्थन का आरोप लगाया गया था। यह गांव आतंकवादियों से लिंक को लेकर बदनाम हो गया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : महाराष्ट्र की आर्थिक राजधानी मुंबई से लगभग 60 किलोमीटर दूर ठाणे जिला है। यहां बोरीवली- पडघा नाम का गांव हैं। यह गांव माहुली पहाड़ियों से घिरे हुए हैं। भिवांडी तालुका में स्थित ये जगह लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर है। आरोप है कि यहां आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियां होती हैं। 2 जून को, महाराष्ट्र पुलिस की अळर टीम ने पडघा में 22 जगहों पर तलाशी ली। इन जगहों में साकिब नाचन का घर भी शामिल था। साकिब पर आरोप है कि वह 'महाराष्ट्र करकर का प्रमुख' है। करकर एक आतंकी संगठन है। अधिकारियों ने बताया कि ये छापेमारी हाल ही में मिली खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी। इसमें 20 टीमों के 250 से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल थे। सूत्रों के अनुसार, जिन लोगों के घरों पर छापे मारे गए, उनमें से लगभग छह लोग हज के लिए सऊदी अरब गए हुए हैं। जिन लोगों के घरों पर छापा मारा गया, उनमें बोरीवली गांव के 60 वर्षीय फराक जुबेर मुल्ला भी शामिल हैं। फराक जुबेर मुल्ला जमीन के एजेंट हैं। उन पर प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन का सदस्य होने का आरोप है। उनके बड़े भाई, हसीब मुल्ला को 2002-03 के मुंबई ट्रेन धमाकों के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें दोषी ठहराया गया और उन्होंने 10 साल जेल में बिताए। उन्हें दिसंबर 2023 में दिल्ली करकर मॉड्यूल मामले में भी गिरफ्तार किया गया था। 2023 की याद हुई ताजाइस छापेमारी से के 9 दिसंबर, 2023 की सुबह की गई कार्रवाई की यादें ताजा हो गईं। ठकअ एक सरकारी एजेंसी है जो आतंकवाद से जुड़े मामलों की जांच करती है। ठकअ ने कहा था कि उसने एक 'आतंकी नेटवर्क' का भंडाफोड़ किया है और आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट से कथित संबंधों के लिए 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। अपने बयान में कहा था कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने ठाणे जिले के पडघा गांव को खुद ही 'मुक्त क्षेत्र' घोषित कर दिया था। वे प्रभावशाली मुस्लिम युवाओं को पडघा में रहने के लिए प्रेरित कर रहे थे ताकि पडघा में करकर का आधार मजबूत हो सके। लेकिन ऐसा पहली बार नहीं है जब इस गांव में इस तरह की कार्रवाई हुई है। लगभग दो दशक पहले, गांव के कुछ निवासियों पर आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगा था।

## समृद्धि महामार्ग खुलने जा रहा, मुंबई-नागपुर का सफर अब 16 नहीं, 8 घंटे में होगा पूरा, रूट, टोल, समेत सबकुछ

**महाराष्ट्र में समृद्धि महामार्ग का काम पूरा हो गया है। नागपुर और मुंबई के बीच सफर अब आसान होगा। 76 किलोमीटर का आखिरी हिस्सा इगतपुरी से अमाने तक बनकर तैयार है। गुरुवार को यह शुरू हो जाएगा। इससे 701 किलोमीटर का पूरा एक्सप्रेसवे खुल जाएगा। नागपुर से ठाणे तक का सफर 16 घंटे की जगह 8 घंटे में पूरा होगा।**

मुंबई : महाराष्ट्र में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। नागपुर और मुंबई के बीच का सफर अब और भी आसान हो जाएगा। समृद्धि महामार्ग का काम लगभग पूरा हो गया है। इसका एक छोटा सा हिस्सा बाकी था, जो अब बनकर तैयार है। 76 किलोमीटर का यह आखिरी हिस्सा इगतपुरी (नासिक में) से अमाने (ठाणे में) तक है। इसे 5 जून गुरुवार को शुरू कर दिया जाएगा। इसका मतलब है कि अब 701 किलोमीटर का पूरा एक्सप्रेसवे खुल जाएगा। यह एक्सप्रेसवे नागपुर को मुंबई से जोड़ेगा। हालांकि मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई के लोगों को पूरी तरह से इसका फायदा उठाने के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। वडपे इंटरचेंज का काम अभी भी चल रहा है। इसे पूरा होने में लगभग एक साल लगेगा।

महाराष्ट्र का बड़ा इंफ्रास्ट्रक्टर प्रोजेक्ट

महाराष्ट्र के बड़े नेता उद्घाटन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार इगतपुरी में होने वाले उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। इस आखिरी हिस्से के खुलने से महाराष्ट्र का समृद्धि महामार्ग पूरी तरह से शुरू हो जाएगा। यह महाराष्ट्र का सबसे बड़ा इंफ्रास्ट्रक्कर प्रोजेक्ट है।

# प्रशिक्षण के नाम पर शिक्षकों का ऑनलाइन उत्पीड़न

**प्रदेशभर में वरिष्ठ वेतनमान एवं चयनात्मक प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन परीक्षा में तकनीकी दिक्कतें, मूल्यांकन बाधित**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

वसई, राज्य में प्राथमिक शिक्षकों को वरिष्ठ वेतन ग्रेड और चयन ग्रेड प्रदान करने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में हर घंटे के बाद ऑनलाइन मूल्यांकन पूरे राज्य में एक दुःस्वप्न बन गया है। प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों ने बताया कि ऑनलाइन मूल्यांकन के नाम पर शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि लिंक नहीं खुल रहा है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने 12 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके शिक्षकों को वरिष्ठ वेतन श्रेणी पाने तथा 24 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके शिक्षकों को चयन श्रेणी पाने के लिए 2 जून से 12 जून तक प्रशिक्षण का आयोजन किया है। इस प्रशिक्षण में हर घंटे के बाद उपस्थिति और ऑनलाइन मूल्यांकन अनिवार्य किया गया है। चूंकि ऑनलाइन मूल्यांकन के लिए सर्वर हर घंटे के बाद डाउन हो रहा है और लिंक नहीं खुल रहा है इसलिए शिक्षक प्रशिक्षण के बजाय ऑनलाइन काम में अपना समय व्यतीत कर रहे हैं। पहले दो दिन शिक्षकों को इन तकनीकी दिक्कतों के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है।

## ऑनलाइन परीक्षा की अधिकता

हर घंटे के बाद शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति पंजीकरण और मूल्यांकन परीक्षा अनिवार्य कर दी गई है। प्रति घण्टा उपस्थिति और ऑनलाइन परीक्षाओं ने प्रशिक्षण स्थल पर अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच अविश्वास की भावना पैदा कर दी है। अनुशासन के नाम पर ऑनलाइन के अत्यधिक उपयोग से शिक्षकों में असंतोष है। इंटरनेट कनेक्टिविटी और तकनीकी कारणों से प्रशिक्षण में व्यवधान आ रहा है इसलिए शिक्षकों ने मांग की है कि मूल्यांकन ऑफलाइन किया जाए।

## सुविधाओं का अभाव

कर्मचारियों की सेवाकालीन ट्रेनिंग पूरी करवाना भले ही सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन इसके लिए प्रशासन ने शिक्षकों से 2000 रुपए फीस ली है। लेकिन ट्रेनिंग के दौरान शिक्षकों को चाय-नाश्ते की कोई सुविधा नहीं दी गई है। प्रदेश भर के शिक्षकों में इस बात को लेकर चर्चा है कि वरिष्ठ और चयनित श्रेणी की ट्रेनिंग के प्रति प्रशासन इतना उदासीन क्यों है? दोनों ही दिन शिक्षकों को इन तकनीकी दिक्कतों के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है।

## चयन श्रेणी एक दिवास्वप्न

राज्य भर के शिक्षक ऐसे कठोर माहौल में सीनियर पे ग्रेड और सेलेक्शन ग्रेड के लिए प्रशिक्षण ले रहे हैं। हालांकि, पूरे राज्य में वर्षों से सेलेक्शन ग्रेड के प्रस्तावों को मंजूरी नहीं मिल रही है। कुछ अपवादस्वरूप जिला परिषदों को छोड़कर, पूरे राज्य में शिक्षकों के लिए सेलेक्शन ग्रेड पाना एक दिवास्वप्न बन गया है।

# कस्टमर बन होटल पहुंची पुलिस, रंगीन मिजाजी 2 लोगों समेत 4 महिलाएं अरेस्ट

## शिरडी में कैसे हुआ सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**पुलिस को सूचना मिली थी कि शिरडी में दो जगहों पर अवैध वेश्यावृत्ति चल रही है। पुलिस ने छापेमारी कर छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शिरडीः महाराष्ट्र के शिरडी में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। शिरडी पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर दो होटलों पर छापा मारा। यह कार्रवाई मंगलवार शाम को हुई। पुलिस ने इस मामले में छह लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें दो पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं। होटल के मालिक फरार हैं। उनकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि शिरडी के दो होटलों में अवैध वेश्यावृत्ति चल रही है। इस कार्रवाई से शिरडी में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस को गोपनीय सूत्रों से सूचना मिलने के बाद कि शिरडी के दो होटलों में अवैध वेश्यावृत्ति चल रही है, शिरडी पुलिस ने पुष्टि के लिए उन स्थानों पर नकली ग्राहक भेजे और मंगलवार शाम को छापा मारा। शिरडी पुलिस स्टेशन में अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। डीवाईएसपी शिरीष वामने ने बताया कि होटल चालक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, छापेमारी की भनक लगते ही होटल चालक फरार हो गया। इस बारे में जानकारी देते हुए शिरडी डीवाईएसपी शिरीष वामन ने बताया कि हमें गोपनीय सूचना मिली थी कि शिरडी शहर के पालखी रोड पर स्थित होटल सावता और होटल बरकाबाई दोनों




जगहों पर अवैध वेश्यावृत्ति चल रही है। इस बार पुलिस की कार्रवाई में दोनों जगहों पर दो पुरुषों समेत चार महिलाए मिलीं। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पश्चिम रेलवे ने अप्रैल से मई, 2025 के दौरान गहन टिकट जांच अभियानों से 43.54 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा सभी वैध यात्रियों के लिए आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेनों, मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पैसेंजर ट्रेनों और हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में बिना टिकट/अनियमित यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गहन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारियों की निगरानी में जांच दल ने कई टिकट जांच अभियान चलाए और अप्रैल से मई, 2025 की अवधि में जांच अभियानों से 43.54 करोड़ रुपये की राशि वसूल की। इसमें मुंबई उपनगरीय खंड से 11.71 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मई 2025 के दौरान 3.02 लाख बिना टिकट/अनियमित यात्रियों का पता लगाकर 21.65 करोड़ रुपये की राशि वसूल की गई, जिसमें बिना बुक किए गए सामान के मामले भी शामिल हैं। साथ ही, मई 2025 में पश्चिम रेलवे ने मुंबई उपनगरीय खंड पर 1.04 लाख से अधिक मामलों का पता लगाकर 5.71 करोड़ रुपये का जुमार्ना वसूल किया। एसी लोकल ट्रेनों में भी अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए लगातार औचक टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के परिणामस्वरूप, अप्रैल से मई, 2025 तक 10300 से अधिक अनधिकृत यात्रियों पर जुमार्ना लगाया गया और लगभग 35 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# नासिक से शिवसेना सांसद कोरोना पॉजिटिव, महाराष्ट्र में महामारी से 4 लोगों की मौत, 86 नए केस


**महाराष्ट्र में कोविड-19 के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। राज्य सरकार की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, कोरोना के 86 नए मामलों की पुष्टि हुई है। वहीं नासिक में शिवसेना के सांसद हेमंत तुकाराम गोडसे कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं। उनकी हालत स्थिर है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र में कोरोना वायरस का संक्रमण एक बार फिर डराने लगा है। राज्य में मंगलवार को कोरोना संक्रमण के 86 नए मामले सामने आए। वहीं इस महामारी से चार लोगों की मौत हो गई। हालांकि, 435 मरीज ठीक भी हुए हैं। वहीं नासिक में शिवसेना सांसद हेमंत तुकाराम गोडसे कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं। उनकी हालत स्थिर है। डॉक्टरों ने उन्हें घर पर ही क्वारंटीन रहने की सलाह दी है। उधर, कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच सरकार और स्वास्थ्य विभाग लोगों से सावधानी बरतने की अपील कर रहे हैं।

## शिवसेना सांसद ने एक्स पर दी जानकारी

नासिक में शिवसेना के सांसद हेमंत गोडसे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि मेरा कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया है। डॉक्टर की सलाह के अनुसार, मैं अगले कुछ दिनों तक घर पर ही क्वारंटीन रहूंगा। इस दौरान




आपसे व्यक्तिगत रूप से नहीं मिल पाने के लिए मैं क्षमाप्रार्थी हूं। हम सभी से विनम्र निवेदन है कि अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें! उन्होंने आगे लिखा कि आपके प्यार, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के साथ, चिंता करने की कोई बात नहीं है। मैं जल्द ही पूरी तरह से स्वस्थ हो जाऊंगा और आपकी सेवा में लौटूंगा।

## महाराष्ट्र में 86 नए मरीज मिले, चार की मौत

राज्य सरकार की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, कोरोना के 86 नए मामलों की पुष्टि हुई है। इनमें मुंबई से 26, ठाणे से नौ, नवी मुंबई से छह, पुणे से 27, पिंपरी-चिंचवड़ से तीन, कोल्हापुर से दो, सांगली से पांच और नागपुर से दो मरीज शामिल हैं। राहत भरी खबर यह है कि कोविड से 435 मरीज स्वस्थ होकर अस्पतालों से अपने घर वापस लौट गए हैं। इसके साथ ही राज्य में कुल सक्रिय मामलों की संख्या घटकर अब 590 रह गई है। वहीं, सोमवार को 369 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे थे।

## संक्रमण के साथ मौतों की संख्या में इजाफा

इसके अलावा, संक्रमण के साथ मौतों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गई है। महाराष्ट्र में कोविड से चार मौतें दर्ज की गई हैं, जिनमें नागपुर से दो, मिरज से एक और चंद्रपुर से एक मरीज की मृत्यु हुई। इस साल जनवरी से अब तक राज्य में कोविड से कुल 14 मौतें हो चुकी हैं। जनवरी से अब तक कुल 12,880 स्वैब सैंपल की जांच की गई है, जिनमें से 959 सैंपल कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए। इनमें से सबसे अधिक 509 मामले मुंबई से सामने आए हैं।

# मध्य रेल का सोलापुर मंडल 5 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस मनाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मध्य रेल का सोलापुर मंडल अंतर्राष्ट्रीय रेल संघ (यूआईसी) की वैश्विक पहल के तहत 5 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस (आईएलसीएडी) के पालन में सक्रिय रूप से भाग लेगा। आईएलसीएडी का उद्देश्य लेवल क्रॉसिंग पर जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षा बढ़ाना है, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके।

सुरक्षा और जन जागरूकता के लिए भारतीय रेल की प्रतिबद्धता के अनुरूप, लेवल क्रॉसिंग पार करते समय सड़क उपयोगकताओं को क्या करें और क्या न करें, इस बारे में जागरूक करने के लिए सोलापुर मंडल में कई शैक्षिक और आउटरीच गतिविधियों की योजना बनाई गई है।

रेल क्रॉसिंग पर जनता के लिए मुख्य सुरक्षा दिशा-निर्देशः

- सभी वाहन फाटक सिगनल के पास रोकें, फाटक बूम के पास सटकर ना रूकें। वाहन, गेट के रास्ते के बांयी ओर ही रोकें, ताकि गेट का बूम खोलने पर सामने से आने वाले वाहनों को रास्ता मिल सके।

- गेट का बूम बंद होने के बाद बूम के नीचे से वाहन ना ले जायें, रेलगाड़ी किसी भी समय आ सकती है, उस रेलगाड़ी के सामने आपका कोई वजूद नहीं है।

- रेलगाड़ी आने से पहले फाटक बंद होते समय अपना वाहन फाटक से निकालने का प्रयास ना करें, जिससे दुर्घटना होने की संभावना ज्यादा है तथा गेटमैन को गेट बंद करने में कठिनाई आ सकती है।

- रेल फाटक की ओर आते समय वाहन की गति, गतिरोधक आने से पहले धीमी कीजिए अन्यथा फाटक से टक्कर हो सकती है, जिससे रेलवे को नुकसान तथा आप दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं।

- रेल फाटक बंद होने पर प्रस्थान का प्रथम अधिकार रेल का है, ऐसे समय गेटमैन के साथ विवाद न करें एवं सरकारी कार्य में व्यवधान निर्माण ना करें, ऐसा करना दंडनीय अपराध है।

- विद्युतीकृत रेल लाइन फाटक पार करनेवाले वाहन की उँचाई 4.5 मीटर से ज्यादा ना हो इस बात की पुष्टि करें अन्यथा 25000 वोल्ट बिजली का धक्का लगते ही सब कुछ जलकर राख हो सकता है।

सोलापुर मंडल सभी सड़क उपयोगकताओं से लेवल क्रॉसिंग पर सुरक्षा दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करने की अपील करता है। दुर्घटना से बचने और सड़क और रेल यातायात के बीच सुरक्षित सह-अस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए आपका सहयोग आवश्यक है। आइए हम सब मिलकर जागरूकता फैलाएं और अपने रेल क्रॉसिंग को सभी के लिए सुरक्षित बनाएं। सतर्क रहें, लेवल क्रॉसिंग पर सुरक्षित रहें

# मुंबई में चाहे कितनी हो बारिश, नहीं थमेगी पश्चिम रेलवे की रफ़्तार

**मुंबई की जीवनरेखा कही जाने वाली लोकल ट्रेनों को बारिश की चुनौतियों से निपटने के लिए पश्चिम रेलवे ने व्यापक तैयारियां की हैं। जलभराव, ट्रैक बाधाएं, पेड़ों के गिरने और संचार में रुकावट जैसी समस्याओं से निपटने हेतु इस बार रेलवे ने तकनीकी, भौतिक और प्रशासनिक तीनों स्तरों पर व्यापक उपाय किए हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई की जीवनरेखा कही जाने वाली लोकल ट्रेनों को बारिश की चुनौतियों से निपटने के लिए पश्चिम रेलवे ने व्यापक तैयारियां की हैं। जलभराव, ट्रैक बाधाएं, पेड़ों के गिरने और संचार में रुकावट जैसी समस्याओं से निपटने हेतु इस बार रेलवे ने तकनीकी, भौतिक और प्रशासनिक तीनों स्तरों पर व्यापक उपाय किए हैं। इसके साथ ही मुंबई सेंट्रल डिवीजन की ओर से एक विशेष मॉनसून प्रिकॉशन बुकलेट तैयार की गई है। इसमें आपदा प्रबंधन, कर्मचारी प्रशिक्षण और यात्री जानकारी से संबंधित सभी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। कैसे की जा रही तैयारी ?पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, सुचारू परिचालन सुनिश्चित करने के लिए कई काम मिशन मोड पर किए गए हैं। इनमें नालों, ड्रेनों और पुलों की सफाई, गाद व कचरे की निकासी, अतिरिक्त जल निकासी मार्गों का निर्माण, उच्च क्षमता के पंपों की स्थापना और पेड़ों की छंटाई जैसे कार्य प्रमुख हैं। उन्होंने कहा, रेलवे यार्डों और ट्रैक के किनारे जलनिकासी बेहतर बनाने के लिए 58 कलवर्ट और 55 किलोमीटर से अधिक नालों की सफाई की गई है। साथ ही 3 किलोमीटर नए नाले और कई मैनहोल बनाए गए हैं। 104 हाई-कैपेसिटी पंप्स को जलभराव वाले स्थानों पर लगाया गया है। इनकी पंपिंग क्षमता को इस वर्ष 10% बढ़ाया गया है। गोरेगांव-मालाड, प्रभादेवी-माटुंगा और बोरीवली-वीरार सेक्शन में माइक्रो-टनलिंग के जरिए अतिरिक्त पाइपलाइन निकासी की गई है।

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार

**दो आरोपियों से चोरी की 7 बाइक बरामद**

बागपत, बड़ौत कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान दो अंतरराज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बागपत और हरियाणा के विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 7 मोटरसाइकिल बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकुश और विनय के रूप में हुई है। दोनों गांधी थाना कोतवाली क्षेत्र के निवासी हैं। बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने विशेष सतर्कता बरती। पुलिस ने जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।


**पश्चिम रेलवे**

**निरस्तीकरण सूचना**

निविदा क्रमांक : बीसीटी/25-26/50 दिनांक 13.05.2025. डीओपी : 10.06.2025 कार्य : उकाई सोनगढ़ - जलगांव जं. - टीबीआर - 17.185 टीकेएम एवं टीएफआर - 48.493 टीकेएम तथा उधना - जलगांव - टीएफआर - 35.074 टीकेएम, टीएफटीआर - 39.939 टीकेएम और ट्रैकमैन के लिए 24 टूल रूम सह विश्राम कक्ष का कार्य. उपरोक्त निविदाएं तकनीकी कारणों से निरस्त मानी जाएं. 0225

Like us on : facebook.com/WesternRly



**मध्य रेल**

**सोलापूर मंडल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापूर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई–निविदाये आमंत्रित करते है।

| निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु. | बयाना रक्कम | समापन की अवधी | रखरखाव अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 11-2025-SrDENC | DD-KWV TRR(P) - 15.4 km, KWV-LUR TRR(P) - 16.4 km, DD-KWV-TBR 10.5 Km, Casual renewal of rail - 6 Km & casual renewal of sleepers 7 Km, CTR(P)-1.605, TRR(P) - 2.579 km & TRR(S) -2.95 Km in yards, renewal of SEJ with TWSEJ and Glued joints, TTR (TWS-WCMS) in ADEN/KWV, PVR & LUR section under Sr. DEN(C) SUR jurisdiction in Solapur division. | Rs. 6,96,04,479.58 | Rs. 4,98,000.00 | 12 Months | NIL |
| 12-2025-SrDENC | Miscellaneous P.way Work Under SSE/P.way/LUR under ADEN/LUR Sub-division for a period of two years. | Rs. 2,95,63,147.47 | Rs. 2,97,800.00 | 24 Months | NIL |
| 13-2025-SrDENC | Miscellaneous P.way Work Under SSE/P.way/BTW under ADEN/LUR Sub-division for a period of two years. | Rs. 2,96,24,322.05 | Rs. 2,98,100.00 | 24 Months | NIL |

| | |
|---|---|
| www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समय | 23.06.2025 को 15:00 बजे तक |
| www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय | 23.06.2025 को 15:30 बजे |

**निविदाकारोंसे निवेदन है की कोई बदलाव/शुध्दिपत्र (यदि हो) के लिये वेबसाइट www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य),
मध्य रेल, सोलापूर

SUN 70 अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

## बारिश के जलजमाव से उत्पन्न समस्या के निराकरण की मनपा से मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , कलवा पूर्व रेल्वे स्टेशन के पास आए दिन बारिश से पानी जमा हो जाता है, जिसके कारण गंदगी व मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। साथ ही कोरोना संक्रमण भी पैर पसार चुका है पानी निकलने का रास्ता न होने के कारण यह समस्या बनी है।



जिसके कारण यात्रियों और पढ़ने वाले बच्चों को आने जाने में समस्या हो रही है। एक तरफ ठाणे मनपा स्वच्छता के ऊपर ज्यादा ध्यान देने की बात करती है मगर रेल्वे स्टेशन पर साफ सफाई का कहीं नामोनिशान नहीं है ।रोज हजारों लोग वहां से रिक्शा स्टैंड होने के नाते लोगों की आवाजाही ज्यादा रहती है। बारिश में पानी कई फुट ऊपर भर जाता है पानी न निकलने की वजह से कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय मिडिया फाउंडेशन के महाराष्ट्र प्रवक्ता बीपी शर्मा, मिडिया के राष्ट्रीय महासचिव अशोक चौबे, पूर्व पुलिस उपनिरीक्षक गुरुनाथ गिरि, राज्य के महासचिव आशाराम गिरी, युवा संघर्ष रिक्शा चालक के अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, संतोष वर्मा आदि ज्ञापन सौंपा अतः आप से निवेदन है कि उपरोक्त बातों को ध्यान में रखकर तुरंत पानी की निकासी करें।

## मोमिन वेलफेयर सोसायटी द्वारा नेत्रहीन छात्र मोमिन माज का किया गया सत्कार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , मोमिन वेलफेयर सोसायटी के मोमिन जमात खाना में भिवंडी के चमकते सितारे मोमिन माज मुहम्मद शरीफ को एचएससी बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता हासिल किया है। इसके लिए सत्कार समारोह का आयोजन सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल मजीद की अध्यक्षता में आयोजित कर सत्कार किया गया। बता दें कि मोमिन माज नेत्रहीन होने के बावजूद केएमईएस इंग्लिश मीडियम जूनियर कॉलेज में कामर्स विभाग में एडमीशन लेकर एचएससी बोर्ड परीक्षा में 84.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। मोमिन वेलफेयर सोसायटी के सचिव सुबहान सिकंदर अंसारी ने उपस्थित अतिथिगण और सदस्यों का स्वागत किया तथा मोमिन माज और उनके परिवार के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को वर्णन किया।



प्रसिद्ध करियर काउंसलर मोमिन फहीम अहमद अब्दुल बारी ने मोमिन माज की सफलता और संघर्ष को शहर के छात्रों के लिए मिसाल बताया। अब्दुल अजीज अंसारी (समन्वयक वाईसीएमओयू स्टडी सेंटर) ने कहा कि मोमिन माज को शहर के हर उस छात्र से रूबरू कराया जाना चाहिए जो उच्च शिक्षा हासिल करने में अपने आप को कमतर समझते हैं। मोमिन तबस्सुम नियाज (प्रिन्सिपल राबिया गर्ल्स हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज) ने कहा कि माज का परीक्षा केंद्र हमारे स्कूल में था और वह हर दिन देखती थीं कि उनके माता-पिता परीक्षा के दिनों में बेटे के लिए चिन्तित रहते थे। इस अवसर पर माज के बड़े अब्बू मोमिन हनीफ मास्टर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि महबूबुर्रहमान अंसारी ने कहा कि माज को शिक्षित करना एक कठिन काम है। माज के माता-पिता ने इस परीक्षा का बड़ी हिम्मत से सामना किया है। मौलाना इम्तियाज फलाही ने कहा कि समारोह में उपस्थित हर व्यक्ति मोमिन माज की सफलता में खुद को साझा कर रहा है। उन्होंने माज और उनके माता-पिता के लिए दुआ की और शहर के लोगों से अपील की कि इस धरोहर को जो आठ पारे का हाफिज भी हैं, की हर संभव मदद करने के लिए आगे आएं। इस अवसर पर मोमिन माज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि माता- पिता की दुआओं और परिश्रम से मैं सफलता प्राप्त कर पाया हूँ। माज मैनेजमेंट स्टडीज का कोर्स करना चाहते हैं। सीमाब अनवर मोमिन ने कार्यक्रम संचालन किया। कार्यक्रम की सफलता में मोमिन वेलफेयर सोसायटी के जिम्मेदार सुबहान सिकंदर अंसारी, मोमिन तुफैल जाकिर हुसैन, मोमिन मोअज्जम मुश्ताक अहमद, मोमिन इमरान नजीर, मोमिन अशफाक (चाचा), इश्तियाक बारादरी, अंसारी आसिम, सोहेल अतरवाला व अन्य मित्रों का सहयोग रहा।

फास्ट ट्रैक

## महिलाओं के विरोध के बाद शराब दुकान हटाने का आदेश

### मिर्जापुर में एसडीएम ने दिए 3 दिन में दुकान स्थानांतरित करने के निर्देश

मिर्जापुर, जमालपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत चैनपुरा स्थित हमीदपुर गांव में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया है। महिलाओं के लगातार धरना-प्रदर्शन के बाद देसी शराब की दुकान को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार की शाम उप न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसडीएम) सदर शक्ति प्रताप सिंह ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और दुकान को तत्काल बंद करवा दिया। एसडीएम ने दुकान संचालक को फोन पर बुलाया। लेकिन वह मौके पर नहीं पहुंचा। इसके बाद एसडीएम ने तीन दिनों के भीतर दुकान को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने का आदेश दिया। साथ ही आबकारी विभाग को भी इस संबंध में सूचित कर दिया गया है। इस कार्रवाई के दौरान चुनार तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह और पुलिस बल मौजूद रहा।



## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

### प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी न दें, खुले में जबह करने पर रोक

मिर्जापुर, अदलहाट थाना परिसर में बुधवार को बकरीद त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर उपजिलाधिकारी सदर शक्ति प्रताप सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव ने की। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बकरीद की नमाज को शांतिपूर्वक अदा करने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी पूरी तरह से वर्जित है। साथ ही खुले स्थानों पर जानवरों को जबह करने पर भी रोक रहेगी। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। किसी भी तरह का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई परेशानी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। बैठक में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा, निरीक्षक राम प्रीत यादव, एसआई अभय नारायण सिंह समेत संजय श्रीवास्तव, अकीलुद्दीन, आसिम मास्टर, अब्दुल कलाम, लक्ष्मण सिंह, जुल्फेकार, बृजेश विश्वकर्मा, अब्दुल रसीद और नसीम अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बारात जा रहे सफाईकर्मी की सड़क हादसे में मौत

### नरायनपुर में अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

मिजार्पुर, वाराणसी के नरायनपुर मोटर मंडी बाजार में मंगलवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सफाईकर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान संतोष भारती (39) के रूप में हुई है। वह मलहिया थाना लंका वाराणसी का रहने वाला था। संतोष अपने चचेरे भाई बबलू भारती के साथ अदलहाट थाना क्षेत्र के कुण्डाडीह गांव में एक बारात में जा रहा था। नरायनपुर मोटर मंडी में अहरौरा से वाराणसी की तरफ जा रहे किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। नरायनपुर चौकी पुलिस ने घायलों को वाराणसी के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। इलाज के दौरान संतोष की मौत हो गई। बबलू की हालत में अब सुधार है। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। संतोष वाराणसी के सोनारपुर में सफाईकर्मी था। उसके चार बच्चे हैं - दो बेटे और दो बेटियां, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं।

## भारत को टेढ़ी नजर से देखने वाले दस पाकिस्तान धूल में मिल जाएंगे - मरजिया पठान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , पहलगाम में हुए हमले के बाद आतंकवाद का घिनौना चेहरा उजागर हुआ है। जिस तरह पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी पर्यटकों पर हमला कर रहे हैं, उसी तरह वे कश्मीरी लोगों को भी परेशान कर रहे हैं। उन्हें भी मजबूत करने की जरूरत है। राष्ट्रवादी छात्र कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मरजिया शानू पठान ने आतंकवाद के पीड़ितों के घर जाकर उन्हें सांत्वना देने का अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा है कि दस पाकिस्तान को मिट्टी में मिलाने की क्षमता भारत में है। राष्ट्रवादी छात्र कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मरजिया शानू पठान ने ₹चलो अमन की ओर...₹ अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत उन्होंने 'आतंकवाद के खिलाफ शांतिपूर्ण लड़ाई' के गांधीवादी विचार को अपना मार्गदर्शक सिद्धांत मानते हुए देशभर में आतंकवादी घटनाओं के शिकार हुए



भारतीय नागरिकों से मिलने का अभियान शुरू किया है। इसका पहला चरण उन्होंने सीधे पहलगाम से शुरू कर दिया है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद वह कश्मीरी लोगों से अपील कर रहे हैं कि वे चौराहे पर खड़े होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ें, ताकि लोगों में डर कम हो। सोमवार, मंगलवार और बुधवार को उन्होंने पहलगाम हमले में शहीद हुए लोगों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के 11 पर्यटकों को बचाने वाले नजाकत अहमद शाह और पर्यटकों को बचाते हुए आतंकियों की गोलीबारी में शहीद हुए सैयद हुसैन शाह के परिजनों से भी मुलाकात की। मरजिया शानू पठान ने उन्हें भरोसा दिलाया कि पूरा देश आपके पीछे खड़ा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह देश बुद्ध-महावीर-गांधी का है। इस देश में कभी कोई आक्रांता पैदा नहीं हुआ। हमने पूरी दुनिया में शांति और अहिंसा का प्रचार किया है। हालांकि, जब हम पर हमला हुआ तो हम कभी चुप नहीं बैठे। जैसे हम शांति की विरासत की बात करते हैं, वैसे ही हमारे पास अशफाक उल्लाह खान और बेगम हजरत महल की विरासत भी है। इसीलिए उन्होंने इस बार चेतावनी भी दी कि भारत की ओर आंख उठाकर देखने वाले दस पाकिस्तान भी बन जाएं, तो हम उन्हें नष्ट करने के लिए तैयार हैं।

## पर्यावरण दिवस पर एक साल में दो लाख पेड़ लगाने का मनपा संकल्प

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ठाणे मनपा ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की संकल्पना के तहत 'ग्रीन ठाणे अभियान' के तहत एक साल में दो लाख पेड़ लगाने का संकल्प लिया है। इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ गुरुवार 05 जून को किया जाएगा।

इस वृक्षारोपण अभियान में पलास, बेल, नीम, कंचन, सीताशोक, जांभोल, पारिजातक, शीशम, कोकम, शिवन, करंज, अडूलसा, तगर, लिम्बु, कामिनी, बकुल, बांस आदि देशी वृक्ष शामिल हैं। यह अभियान ठाणे और उसके आसपास के क्षेत्र में हरित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की संकल्पना के तहत चलाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री के हरित ठाणे अभियान की योजना मनपा आयुक्त सौरभ राव के निदेर्शानुसार बनाई गई है। इस अभियान के तहत अब तक दो लाख पांच हजार वृक्ष लगाने की विस्तृत योजना बनाई गई है। जिसमें से 18 हजार पांच सौ वृक्ष लगाए जा चुके हैं। जबकि, शेष एक लाख छियासी हजार पांच सौ वृक्षों को चरणबद्ध तरीके से लगाने के लिए समयबद्ध कार्यक्रम बनाया गया है।



इस अभियान में ठाणे में कुल दो लाख पांच हजार वृक्ष लगाए जाएंगे। इसमें मियावाकी पद्धति से 30 हजार, विभिन्न डेवलपर्स के माध्यम से 5 हजार, निजी संगठनों, स्कूलों, कॉलेजों, सामाजिक संगठनों, आवासीय परिसरों और सरकारी कार्यालयों की भागीदारी से 5 हजार पेड़ लगाए जाएंगे। साथ ही अंतिम चरण में 10 हजार पेड़ लगाए जाएंगे। इनमें से 5 हजार पेड़ लगाए जा चुके हैं।

## कैंसर जांच एवं जागरूकता अभियान में 4490 नागरिकों की जांच में 237 संदिग्ध रोगियों का पंजीकरण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक कुशल, गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ बनाने के लिए सरकार द्वारा कैंसर जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल के तहत जिले में कैंसर मोबाइल वैन कार्यरत है तथा नागरिकों को कैंसर जांच की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिलाधिकारी अशोक शिनगारे एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में इस वैन का संचालन प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस मोबाइल वैन के माध्यम से मुख कैंसर, स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसे प्रमुख कैंसर की जांच की जा रही है। यह वैन आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को प्राथमिक जांच के लिए अस्पताल जाए बिना ही अपने क्षेत्र में यह सेवा प्राप्त हो जाती है। फरवरी 2025 और मई 2025 की दो महीने की अवधि के दौरान कुल 4490 नागरिकों की जांच की गई है, जिनमें से 237 संदिग्ध रोगी पाए गए हैं। इन संदिग्ध रोगियों को आगे के निदान और उपचार के लिए संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों में भेजा गया है। कैंसर एक गैर-संचारी रोग है और इसके मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। हालांकि, अगर समय पर निदान किया जाता है, तो उचित उपचार के माध्यम से रोगी की जान बचाई जा सकती है। इसके लिए कैंसर मोबाइल वैन पहल बहुत उपयोगी साबित हो रही है।



## दैनिक अंबरनाथ टाइम्स के प्रधान संपादक को मातृ शोक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. दैनिक अंबरनाथ टाइम्स के प्रधान संपादक कमलाकर सूर्यवंशी और कार्यकारी संपादक राजेंद्र सूर्यवंशी की माताजी भीमाबाई नागोराव सूर्यवंशी का 85 वर्ष की अवस्था में मंगलवार 3 जून रात्रि 8 बजे वृद्धावस्था संबंधी समस्याओं के चलते आकस्मिक निधन हो गया। भीमाबाई का जन्म माड़ज तहसील उमरगा जिला उस्मानाबाद में हुआ था। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गईं हैं। उनके परिवार में उनके पति नागोराव ,तीन पुत्र,दो पुत्रियां,पुत्रवधू,दामाद और नाते पोतियां हैं। बुधवार की दोपहर को अंबरनाथ पश्चिम स्थित श्मशान भूमि में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक,स्थानीय पत्रकार,सगे संबंधी और पड़ोसी शामिल हुए।



## जय झूलेलाल संघर्ष सेवा समिति और बालकनजी बारी ट्रस्ट ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. जय झूलेलाल संघर्ष सेवा समिति बीकेसी स्टूडियो एवं बालकन जी बारी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार 3 जून की शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सिंधी भाषा संस्कृति के कल्चरल डांस,गीत संगीत और कराओके की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों के दिलों दिमाग पर गहरी छाप छोड़ी और जबरदस्त समां बांध दिया। कार्यक्रम में भारी संख्या में मौजूद दर्शकों ने इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य



अतिथियों ने उपस्थिति दर्ज की। सभी अतिथियों का जय झूलेलाल संघर्ष सेवा समिति की ओर से आदरपूर्वक स्वागत व सत्कार किया गया। बालकन जी बारी ट्रस्ट से मोहन साधवानी व जया साधवानी का विशेष सत्कार सम्मान हुआ। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में वी टीवी टीम ने अपनी सिंधी फिल्म ₹छोरियु अगियां छोरा पुठियां₹ का प्रमोशन भी किया इसके साथ पीवीएफ के विजय पृथ्यानी की यूट्यूब फिल्म ₹जानवर₹ का भी भव्य प्रमोशन किया गया। कार्यक्रम में अजीत माखीजानी टीम, हेमा पिंजानी टीम, उल्हासनगर दर्पण न्यूज टीम, कृष्णा सुर संगीत टीम सहित अन्य कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों का सम्मान किया गया ।बीकेसी के गायकों ने अपनी सुरीली आवाज में एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर महफिल को यादगार बना दिया। वहीं जय झूलेलाल संघर्ष सेवा समिति की महिला विंग ने अत्यंत सुंदर और सुसंस्कृत तरीके से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने दर्शकों से खूब वाहवाही बटोरी ।इस सांस्कृतिक आयोजन की सफलता से प्रसन्न होकर कार्यक्रम के आयोजकों ने घोषणा कि है कि जनता के मनोरंजन के लिए भविष्य में और भी ऐसे ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाएगा।

## गोद भराई के बाद दूल्हे ने मांगा दहेज

### युवती के परिवार से 2 लाख और अपाचे बाइक की मांग, शादी दूसरी जगह कर दी, एफआईआर




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, होने वाले दूल्हे ने गोद भराई की रस्म के बाद दहेज की मांग कर शादी तोड़ दी। मदनापुर थाना क्षेत्र की युवती की शादी परौर क्षेत्र के चिता नगला गांव निवासी पवन से तय हुई थी। गोद भराई की रस्म में लड़के पक्ष के 70 लोगों का स्वागत किया गया। इस दौरान डेढ़ साल बाद शादी करने का फैसला हुआ। लेकिन इसके बाद पवन और उसके परिवार ने दहेज में दो लाख रुपये नकद और अपाचे बाइक की मांग शुरू कर दी। युवती के परिवार ने दहेज देने में असमर्थता जताई। इस पर लड़के पक्ष ने रिश्ता तोड़ने की धमकी दी। वे बार-बार शादी की तारीख आगे बढ़ाते रहे। अंत में 5 मई को युवक के पिता ने उसकी शादी किसी और से कर दी। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## किसानों की 13 सूत्रीय मांगों पर प्रशासन का आश्वासन

### तिलहर तहसील में दो दिन से चल रहा धरना खत्म, 4 दिन में समाधान का वादा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, तिलहर तहसील में भारतीय किसान यूनियन का दो दिवसीय धरना समाप्त हो गया है। तहसीलदार जय प्रकाश यादव के आश्वासन पर किसानों ने अपना धरना स्थगित कर दिया है। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष गेंदन लाल लोधी के नेतृत्व में किसानों ने तहसील की नई बिल्डिंग में धरना दिया। युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह लोधी ने कहा कि कई महीनों से दिए गए ज्ञापनों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसानों ने नायब तहसीलदार मनु माथुर के समक्ष कई मुद्दे उठाए। इनमें शहरी क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या, नंदी शाला का निर्माण और निराश्रित गोवंश पालन के लिए सरकारी सहायता राशि का भुगतन शामिल है। साथ ही रूजवारी गांव के मुख्य मार्ग की मरम्मत, जल निगम द्वारा क्षतिग्रस्त



की गई सड़कों की मरम्मत और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डिजिटल एक्स-रे मशीन की मांग भी रखी। जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र ने डभौरा से ग्वार तक की जर्जर विद्युत लाइन की समस्या को भी उठाया। जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव ने चेतावनी दी कि किसानों के साथ भेदभाव और उनकी समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धरने में दिनेश चंद्र सक्सेना, रमेश शर्मा, राजपाल सिंह यादव, सुनील कुमार, ओम नारायण, सुजीत सिंह, सगीर खान समेत कई किसान नेता मौजूद रहे।

## गौशालाओं की 24 घंटे निगरानी



- 11 गौशालाओं में एआई कैमरे लगे, डीएम बोले- लापरवाही करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, गौवंश की सुरक्षा के लिए नई पहल की गई है। जिले की 11 वृहद गौशालाओं में एआई कैमरे लगाए गए हैं। विकास भवन में स्थित वॉर रूम से इन गौशालाओं की निगरानी की जाएगी। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। उन्होंने वॉइस कमांड से गौपालकों से संवाद किया। गौशालाओं में चारा, पानी और छाया की व्यवस्था की जानकारी ली। सीडीओ अपराजिता सिंह ने बताया कि सभी गौशालाओं में 360 डिग्री एआई सक्षम सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे सोलर पैनल और सिम से लैस हैं। बिजली जाने पर भी ये काम करते रहेंगे। अगले दो महीने में 10 और वृहद गौशालाएं बनाई जाएंगी।


### भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# यूएन में बिलावल के झूठ को पत्रकार ने पकड़ा

## भुट्टो ने कहा था- भारत ने पहलगाम हमले की आड़ में मुस्लिमों की छवि खराब की

एजेंसी

इस्लामाबाद, संयुक्त राष्ट्र (यूएन) मुख्यालय में मंगलवार देर रात एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पाकिस्तानी नेता बिलावल भुट्टो जरदारी के झूठ को एक पत्रकार ने मौके पर ही पकड़ लिया। बिलावल ने आरोप लगाया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भारत सरकार राजनीतिक मकसद से इस्तेमाल कर रही है ताकि भारत के मुसलमानों को बदनाम किया जा सके। इस पर एक पत्रकार ने कहा कि, आप कह रहे हैं कि हालिया आतंकी हमले का इस्तेमाल भारत में मुस्लिमों को बदनाम करने के लिए किया जा रहा है, लेकिन मैंने खुद भारतीय सेना की ब्रीफिंग्स देखी हैं, और उसमें मुस्लिम अधिकारी ही शामिल थे। दरअसल भारत की तरफ से दो महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी प्रेस ब्रीफिंग कर रही थीं। बिलावल भुट्टो जरदारी



ने कहा है कि पाकिस्तान भारत के साथ शांति चाहता है, लेकिन यह शर्तों के साथ नहीं हो सकती। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि भारत ने कश्मीर के पहलगाम में हुई एक घटना के लिए बिना किसी जांच या सबूत के पाकिस्तान को दोषी ठहराया, जबकि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस घटना की जांच में मदद की पेशकश की थी। बिलावल भुट्टो ने आरोप लगाया कि भारत ने सीमा पार कर के निर्दोष लोगों को निशाना बनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान हर तरह के आतंकवाद की निंदा करता है और इस लड़ाई में उसने बहुत भारी कीमत चुकाई है।

उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव पर चिंता जताई और कहा कि दोनों देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं, इसलिए हालात काफी गंभीर हो सकते थे। पाकिस्तान ने भी भारत की तरह विदेशों में अपनी बात रखने के लिए डेलिगेशन भेजा है। इस प्रतिनिधिमंडल में कुल 9 सदस्य शामिल हैं।

इसकी अध्यक्षता पूर्व विदेश मंत्री और पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी कर रहे हैं।यह प्रतिनिधिमंडल न्यूयॉर्क, वाशिंगटन डीसी, लंदन और ब्रुसेल्स का दौरा करेगा।

इस डेलिगेशन में जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. मुसद्दिक मलिक, पूर्व सूचना मंत्री शेरी रहमान, विदेश मामलों की संसदीय समिति की अध्यक्ष हिना रब्बानी खार, पूर्व रक्षा मंत्री खुर्रम दस्तगीर खान शामिल हैं। इनके अलावा समुद्री मामलों के पूर्व मंत्री सैयद फैसल अली सबजवारी, सीनेटर बुशरा अंजुम बट पूर्व विदेश सचिव जलील अब्बास जिलानी और तहमीना जंजुआ को भी इस प्रतिनिधिमंडल में रखा गया है।


प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के विशेष सहायक सैयद तारिक फातिमी की अगुवाई में एक अलग प्रतिनिधिमंडल रूस पहुंचा है।

# यूक्रेन का दावा-रूस और क्रीमिया को जोड़ने वाला ब्रिज उड़ाया

## 1100 के.जी विस्फोट का इस्तेमाल किया; ब्रिज पर 3 साल में तीसरी बार हमला

एजेंसी

कीव, यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस (एसबीयू) ने दावा किया है कि उसने रूस और क्रीमिया को जोड़ने वाले कर्च ब्रिज को उड़ा दिया है। इस हमले में 1100 किलो विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। यह हमला मंगलवार सुबह कर्च स्ट्रैट पर किया गया। इसके लिए कई महीने प्लानिंग की गई थी। एसबीयू ने कहा- हमने 2022 और 2023 में भी क्रीमिया पुल पर दो बार हमला किया था। आज हमने फिर से इसे निशाना बनाया। यह ब्रिज अब इमरजेंसी हालात में है। एसबीयू ने इसका वीडियो भी शेयर किया, जिसमें पुल के एक



पिलर के पास विस्फोट होता नजर आ रहा है। हालांकि, रूसी मिलिट्री ब्लॉगर्स ने दावा किया कि यह हमला नाकाम रहा। रूसी अधिकारियों ने बताया कि पुल को तीन घंटे के लिए बंद किया गया था, लेकिन अब यह सामान्य रूप से काम कर रहा है। 2014 में बना था कर्च ब्रिज कर्च ब्रिज को साल 2014 में रूस ने क्रीमिया पर कब्जे के बाद 21 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनाया था। 19 किमी लंबे रोड वे ब्रिज को आम लोगों के लिए 2018 में खोला गया था, इसके दो साल बाद रेलवे ब्रिज पर आवाजाही शुरू हुई थी। यह रूस के ट्रांसपोर्ट को क्रीमिया से जोड़ने वाला एकमात्र सीधा रास्ता है। यह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक प्रमुख प्रोजेक्ट है। पुल में सड़क और रेल रूट अलग-अलग हैं, जो कंक्रीट के खंभों पर टिके हैं और समुद्र के बीच में स्टील के मेहराबों से जुड़े हैं। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के दौरान रूस ने इस पुल का इस्तेमाल क्रीमिया पहुंचने और फिर यूक्रेन के खेरसॉन और ज्पोरिजिया क्षेत्रों पर कब्जा करने के लिए किया था।

रूस और यूक्रेन की बीच सोमवार को तुर्किये से इस्तांबुल में दूसरे दौर की शांति वार्ता हुई थी। दोनों देश गंभीर रूप से घायल और बीमार युद्धबंदियों की अदला-बदली पर सहमत हो गए। इसके साथ ही दोनों पक्ष 6,000-6,000 मारे गए सैनिकों के शव भी वापस लौटाएंगे। यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने कहा कि हम सभी युद्धबंदियों की रिहाई और सभी दिव्यांग बच्चों और कैदियों की वापसी चाहते हैं।

# आतंक फैलाने वाले पाकिस्तान को यूएनएससी में बड़ी जिम्मेदारी

## तालिबान प्रतिबंध कमेटी का अध्यक्ष बना, आतंक रोकने वाली समिति का उपाध्यक्ष भी बना

एजेंसी

न्यूयॉर्क, पाकिस्तान को मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। तालिबान प्रतिबंध समिति को 1988 समिति के तौर पर भी जाना जाता है। गुयाना और रूस इस समिति के उपाध्यक्ष के तौर पर काम करेंगे। यह समिति उन व्यक्तियों, समूहों और संस्थाओं की आर्थिक संपत्ति फ्रीज करने, यात्रा और हथियारों पर प्रतिबंध लगाने जैसे फैसले लेती है, जो अफगानिस्तान की शांति, स्थिरता और सुरक्षा के लिए खतरा माने जाते हैं। पाकिस्तान अब तालिबान प्रतिबंध समिति से जुड़ी बैठकों की अध्यक्षता करेगा, सिफारिशें तैयार करेगा और सदस्यों के बीच सहमति बनाने में मदद करेगा। तालिबान प्रतिबंध समिति पहले आईएसआईएल और अल-कायदा से जुड़े आतंकियों की निगरानी करती थी। बाद में इसे यूएनएससी के प्रस्ताव 1988 के तहत 2011 में फिर से अलग तौर पर संगठित किया गया, ताकि इसे तालिबान पर फोकस किया जा सके। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान को तालिबान पर प्रतिबंध लगाने वाली समिति की कमान मिलने के बाद अगर वह तालिबान के खिलाफ सख्त एक्शन लेता है तो इससे उसके संबंधों पर असर पड़ सकता है। पाकिस्तान को यह जिम्मेदारी ऐसे समय में मिली है,




जब वह तालिबान से संबंध सुधारने की कोशिश कर रहा है। पिछले महीने ही चीन के जरिए तालिबान और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों की मुलाकात हुई थी। इसके अलावा पाकिस्तान को आतंकवाद रोधी समिति (1373 काउंटर टेररिज्म कमेटी) का उपाध्यक्ष भी बनाया गया है। अल्जीरिया को आतंकवाद रोधी समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। फ्रांस और रूस को पाकिस्तान के साथ कमेटी का उपाध्यक्ष बनाया गया है। आतंकवाद रोधी समिति के पास खुद से सजा देने या कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है, लेकिन यह सदस्य देशों की गतिविधियों की निगरानी करती है और उन्हें सुझाव देती है कि वे आतंकवाद के खिलाफ क्या कदम उठाएं। समिति की अध्यक्षता हर साल बदलती है, और यह भूमिका किसी सदस्य देश को दी जाती है। 2025 में इस समिति की अध्यक्षता अल्जीरिया को मिली है, जबकि पाकिस्तान समेत 3 देशों को उपाध्यक्ष बनाया गया है। भारत ने 2022 में इस समिति की अध्यक्षता की थी। यह अध्यक्षता भारत को 2021-2022 के लिए अस्थायी सदस्य चुने जाने के बाद मिली थी। तालिबान प्रतिबंध समिति और आतंक रोधी समिति दोनों ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की समितियां हैं, लेकिन इनके काम और दायरा अलग-अलग हैं। आतंक रोधी समिति पूरी दुनिया में आतंकवाद से लड़ने में मदद करती है। वहीं, तालिबान प्रतिबंध समिति का काम अफगानिस्तान की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले आतंकियों पर प्रतिबंध लगाना है। भारत बार-बार यह मुद्दा उठाता रहा है कि पाकिस्तान यूनाइटेड नेशन के नामित आतंकवादियों और आतंकी संगठनों को सबसे अधिक संख्या में पनाह देता है।

# ट्रम्प से अलग होते ही फूटा मस्क का गुस्सा

## फंडिंग बिल को बेतुका और फिजूलखर्ची बताया, कहा- संसद देश को दिवालिया बना रही, यह असहनीय

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए फंडिंग बिल की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसे घिनौना और शर्मनाक बताया है। मस्क ने कहा कि इस बिल से अमेरिका का बजट घाटा 2.5



ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस (संसद) देश को दिवालिया बना रही है। एक दूसरे पोस्ट में मस्क ने कहा कि अगले साल नवंबर में हम उन सभी राजनेताओं को हटाएंगे, जिन्होंने जनता को धोखा दिया है। इस बिल का नाम वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट है। यह ट्रम्प के 2017 के टैक्स कट्स को आगे बढ़ाता है। इसके अलावा सेना और बॉर्डर सुरक्षा पर खर्च बढ़ाता है। इसके बदले गरीबों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाएं, फूड सपोर्ट और अन्य योजनाओं में कटौती की जा रही है। सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक, यह बिल अगले 10 साल में अमेरिका के कर्ज में करीब 3.8 ट्रिलियन डॉलर का इजाफा करेगा। अभी अमेरिका पर कुल 36.2 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज है।

# गुरुद्वारे की जमीन पर ठोका था दावा

## दिल्ली वक्फ बोर्ड की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज



एजेंसी

**कोर्ट ने अपील खारिज करते हुए कहा कि किसी तरह का नहीं। एक उचित ढंग से काम करने वाला गुरुद्वारा। एक बार गुरुद्वारा बन जाए तो उसे रहने दें। वहां पहले से ही एक धार्मिक संरचना काम कर रही है।**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड के उस दावे को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि एक परिसर का इस्तेमाल गुरुद्वारे के तौर पर किया जा रहा है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने वक्फ बोर्ड की उस अपील को खारिज कर दिया जिसमें उसने 2010 में दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा उसकी याचिका खारिज करने के फैसले के खिलाफ अपील की थी। जस्टिस शर्मा ने कहा कि बोर्ड को खुद ही अपना दावा छोड़ देना चाहिए था। हालांकि, बोर्ड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय घोष ने कहा कि निचली अदालतों ने माना था कि वहां मस्जिद थी लेकिन अब वहां किसी तरह का गुरुद्वारा है। कोर्ट ने अपील खारिज करते हुए कहा कि किसी तरह का नहीं। एक उचित ढंग से काम करने वाला गुरुद्वारा। एक बार गुरुद्वारा बन जाए तो उसे रहने दें। वहां पहले से ही एक धार्मिक संरचना काम कर रही है। आपको खुद ही उस दावे को छोड़ देना चाहिए। वक्फ बोर्ड के अनुसार शाहदरा में विवादित मस्जिद मस्जिद तकिया बब्बर शाह थी। बोर्ड का दावा है कि यह मस्जिद अनादि काल से अस्तित्व में है और धार्मिक उद्देश्यों के लिए समर्पित थी। हालांकि, प्रतिवादी ने तर्क दिया था कि संपत्ति वक्फ संपत्ति नहीं है क्योंकि संपत्ति के मालिक मोहम्मद अहसान ने इसे 1953 में उसे बेच दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रतिवादी के पक्ष में फैसला सुनाया था।हाई कोर्ट ने कहा कि प्रतिवादी 1947-48 से इस संपत्ति पर काबिज था। यह भी सच है कि प्रतिवादी इस संपत्ति की खरीद के सबूत के तौर पर कोई भी मालिकाना हक का दस्तावेज पेश नहीं कर पाया, फिर भी यह किसी भी तरह से वादी को लाभ नहीं पहुंचाता, जिसे अपना मामला खुद ही स्थापित करना है और कब्जे का आदेश प्राप्त करने के लिए इसे साबित करना है।

# अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब सेना को बदनाम करना नहीं

## राहुल गांधी को इलाहाबाद हाई कोर्ट की फटकार

**अदालत ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, लेकिन यह स्वतंत्रता उचित प्रतिबंधों के अधीन है और इसमें भारतीय सेना के लिए अपमानजनक बयान देने की स्वतंत्रता शामिल नहीं है।**

एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की फटकार लगाई है। हाई कोर्ट ने 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के संबंध में लखनऊ की एक अदालत द्वारा जारी समन के खिलाफ गांधी द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता



की गारंटी देता है, लेकिन यह स्वतंत्रता उचित प्रतिबंधों के अधीन है और इसमें भारतीय सेना के लिए अपमानजनक बयान देने की स्वतंत्रता शामिल नहीं है। गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया गया था, क्योंकि उन्होंने कहा था कि चीनी सैनिक अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। यह टिप्पणी 2022 में राजस्थान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई थी। राहुल गांधी ने कहा था कि लोग भारत जोड़ो यात्रा, यहां-वहां, अशोक गहलोत और सचिन पायलट और न जाने क्या-क्या के बारे में पूछेंगे। लेकिन वे चीन द्वारा 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा करने, 20 भारतीय सैनिकों को मारने और अरुणाचल प्रदेश में हमारे सैनिकों की पिटाई करने के बारे में एक भी सवाल नहीं पूछेंगे। भारतीय प्रेस उनसे इस बारे में एक भी सवाल नहीं पूछता। क्या यह सच नहीं है ? देश यह सब देख रहा है। ऐसा दिखावा न करें कि लोगों को पता नहीं है।उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज किया गया था और निचली अदालत ने उन्हें समन जारी किया था। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कार्यवाही और समन को रद्द करने की मांग की। मानहानि की शिकायत सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि गांधी ने बहुत ही अपमानजनक तरीके से बार-बार कहा कि चीनी सेना अरुणाचल प्रदेश में हमारे सैनिकों की 'पिटाई' कर रही है।

# शादी से लौट रहे थे दो परिवार, बीच रास्ते में हो गई अनहोनी, ट्रक पलटने से नौ लोगों की मौत

**मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में बुधवार को करीब 2.30 बजे सीमेंट से लदे ट्रेलर ट्रक के वैन पर पलट जाने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सभी पीड़ित एक ही परिवार के थे, जो एक विवाह समारोह से लौट रहे थे।**



एजेंसी

मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में बुधवार को करीब 2.30 बजे सीमेंट से लदे ट्रेलर ट्रक के वैन पर पलट जाने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सभी पीड़ित एक ही परिवार के थे, जो एक विवाह समारोह से लौट रहे थे। यह दुर्घटना मेघनगर तहसील क्षेत्र में संजेली रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई, जहां एक निमार्णाधीन रेल ओवर-ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जा रहा था। झाबुआ के पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ला ने कहा, ₹ट्रक मेघनगर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत संजेली रेलवे क्रॉसिंग के पास एक अस्थायी सड़क के माध्यम से निमार्णाधीन रेल ओवर-ब्रिज (आरओबी) को पार कर रहा था, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह एक वैन पर पलट गया। विनाश काले विपरीत बुद्धि ! जिस मुजीब-उर रहमान ने दिलाई बांग्लादेश को आजादी, वही मुजीबुर रहमान अब नहीं रहे स्वतंत्रता सेनानीयह दुर्घटना झाबुआ जिले के मेघनगर तहसील में संजेली रेलवे क्रॉसिंग के पास करीब 2.30 बजे हुई

# लगातार बढ़ रहे कोरोना वायरस के मामले

## दर्ज हुए 4302 एक्टिव केस, 44 की हुई मौत

**स्वास्थ विभाग के आंकड़ों की मानें तो देश में केरल ऐसा राज्य है जहां अब तक कोरोना वायरस के सबसे अधिक मामले दर्ज हुए है। केरल में 1373 मामले कोरोना के सामने आए है। केरल में कुल नौ लोग कोरोना के कारण अपनी जान गंवा चुके है। वहीं दक्षिण भारत के कर्नाटक में भी कोरोना वायरस के 324 एक्टिव मामले है।**

एजेंसी

कोरोना वायरस संक्रमण के मामले देश में फिर से बढ़ने लगे है। कोरोना चुपके से अपने पैर पसार रहा है। कोविड 19 के ताजा मामले भारत में 4302 पर पहुंच चुके है। अब तक कोरोना वायरस के कारण कुल 44 लोगों की मौत हो चुकी है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस संक्रमण के कई मामले सामने आ चुके है। कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। देश में अलग अलग राज्य सरकारों ने गाइडलाइन भी जारी की है ताकि कोरोना वायरस के मामलों को



फैलने से रोका जाए।स्वास्थ विभाग के आंकड़ों की मानें तो देश में केरल ऐसा राज्य है जहां अब तक कोरोना वायरस के सबसे अधिक मामले दर्ज हुए है। केरल में 1373 मामले कोरोना के सामने आए है। केरल में कुल नौ लोग कोरोना के कारण अपनी जान गंवा चुके है। वहीं दक्षिण भारत के कर्नाटक में भी कोरोना वायरस के 324 एक्टिव मामले है। तमिलनाडु में 216 एक्टिव मामले है। दिल्ली में कोरोना वायरस के 457 एक्टिव मामले सामने आए है। दिल्ली में पांच लोग कोरोना से जान गंवा चुके है। उत्तर प्रदेश में कोविड 19 के 200 से अधिक मामले दर्ज हो चुके है। यहां एक्टिव मामले 201 है। दो लोग कोरोना से उत्तर प्रदेश में जान गंवा चुके है। राजस्थान में 90 मामले है और एक की मौत हुई है।

### अन्य राज्यों में है ये हाल

पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस के 432 एक्टिव मामले है। यहां कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा 44 हो चुका है। उत्तराखंड और तेलंगाना में भी क्रमशः दो और तीन मामले सामने आए है। पंजाब में 12 एक्टिव मामले सामने आए है। पंजाब में कोरोना ने एक व्यक्ति की जान ले ली है। मध्यप्रदेश में 22, झारखंड में नौ, जम्मू कश्मीर में छह और हिमाचल प्रदेश में एक मामला दर्ज हो चुका है। राहत है कि अरुणाचल प्रदेश में एक भी मामला दर्ज नहीं हुआ है। वहीं गुजरात में कोरोना वायरस के 108 मामले दर्ज हुए है

## संक्षेप

### जिला अस्पताल में बेड की कमी

**स्ट्रेचर और बेंच पर मरीजों का इलाज, 300 बेड का नया भवन स्टाफ के अभाव में बेकार**

बांदा, जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक हो गई है। अस्पताल में बेड की कमी के कारण मरीजों को स्ट्रेचर और बेंच पर इलाज करना पड़ रहा है। मरीजों को ग्लूकोज की बोतलें फायर सेफ्टी उपकरण पर टांगकर दी जा रही हैं। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में मेडिकल स्टाफ मनमानी कर रहा है। बाहर से जांच और दवाइयां खरीदने की मजबूरी बनाई जा रही है। सरकार के बेहतर इलाज के निर्देशों की अनदेखी की जा रही है। अस्पताल परिसर में 300 बेड का नया मंडलीय अस्पताल भी है। यह भवन आईसीयू और वेंटिलेटर जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस है। लेकिन मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी के कारण यह करोड़ों की इमारत बेकार पड़ी है। सीएमएस डॉक्टर एसडी त्रिपाठी ने कहा कि मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने माना कि गर्मी और भीड़ के कारण बेड की कमी होती है।

### किसानों ने एनएच-9 किया जाम

**रिश्वत मांगने का आरोप, ट्रांसफॉर्मर बदलने के नाम पर अवैध वसूली का विरोध**

अमरोहा, गजरौला क्षेत्र में किसानों ने बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के नेतृत्व में किसानों ने भानपुर फाटक के पास नेशनल हाईवे-9 पर जाम लगा दिया। किसानों का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारी ट्रांसफॉर्मर बदलने के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने अंडरपास और सर्विस लेन को पूरी तरह बंद कर दिया। इससे हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। 5 घंटे से चल रहे इस धरने में किसानों ने चेतावनी दी है। उनका कहना है कि जब तक जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर जवाब नहीं देंगे, धरना जारी रहेगा। अगर मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन की टीमें मौके पर तैनात हैं।

### महेश नवमी पर अमरोहा में निकली शोभायात्रा

**महेश्वरी समाज ने निकाली भगवान भोलेनाथ की यात्रा, जगह-जगह फूलों से स्वागत**

अमरोहा, महेश नवमी के अवसर पर महेश्वरी समाज की ओर से भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा निकाली गई। महेश्वरी सभा, महेश्वरी महिला मंडल और महेश्वरी युवा मंडल ने मिलकर इस यात्रा का आयोजन किया। यात्रा शुरू होने से पहले बड़े बाजार की धर्मशाला में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक और महाआरती की गई। शोभायात्रा बड़े बाजार से शुरू होकर कोतवाली, बसावन गंज, गुजरी, बाजार कटरा, बेगम सराय और शफात पोता होते हुए कोट चौराहा से आर्य समाज मंदिर तक पहुंची। मार्ग में लोगों ने फूलों से यात्रा का स्वागत किया।

# 2 डॉक्टरों के बर्खास्त करने के निर्देश

**जिला महिला अस्पताल के डॉ. अजय व डॉ. रामानंद महीनों से अनुपस्थित, डीएम के निरीक्षण में खुली पोल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड अचानक सरोजिनी नायडू चिल्ड्रन हॉस्पिटल व जिला महिला अस्पतलाल का निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए। यहां पर उन्होंने वार्डों में जाकर वहां की व्यवस्थाएं देखी। जिला महिला चिकित्सालय (डफरिन) पहुंचे थे। वहां पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक से डॉक्टरों की अनुपस्थिति के बारे में जानकारी ली। इस पर चिकित्सा अधीक्षिक डॉ. नूर हसन नकवी के द्वारा बताया गया कि कोई भी चिकित्सक अनुपस्थित नहीं है लेकिन डॉ. अजय जो 10 माह से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित है एवं डॉ. रामानंद कार्यभार ग्रहण के पश्चात अस्पताल में नहीं आए हैं। इस पर जिलाधिकारी ने इन दोनों चिकित्सकों को बर्खास्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके पहले डीएम ने चिल्ड्रन हॉस्पिटल में भर्ती बच्चों के बारे में डॉक्टर से व उनके परिवार वालों से जानकारी ली। इमरजेंसी वार्ड में एक बेड पर 2 से 3 मरीजों को भर्ती करके उनका इलाज किया जा रहा था। यह देख जिलाधिकारी ने नाराजगी जतायी। इसके साथ ही साथ उन्होंने वार्डों में खराब ए.सी देख जिम्मेदार अधिकारी को तत्काल इस ठीक करने का निर्देश दिया। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर वत्सला मिश्रा व अस्पताल की अधीक्षक डॉक्टर अनुभा श्रीवास्तव को उन्होंने 15 जून तक का समय दिया की अस्पताल में जो भी कमियां हैं। इसको इस अवधि में ठीक कर के इसकी सूचना दें। जिलाधिकारी ने पूछा की भर्ती बच्चों को खाने-पीने के लिए क्या व्यवस्थाएं हैं? क्या गाइडलाइन है? इस पर अधीक्षक जवाब नहीं दे सके। उन्होंने कहा की पूरी गाइडलाइन के बारे में पता करिए और यहां भर्ती बच्चों को किस तरह की खाने पीने की चीज दी जानी है यह तय किया किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पेयजल की समस्या पर भी नाराजगी जताई 15 जून के अंदर पांच वाटर कूलर लगाने के लिए उन्होंने निर्देश दिया। अस्पताल में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में उन्होंने जानकारी ली। करीब डेढ़ घंटे तक जिलाधिकारी इस अस्पताल में रहे। इसके बाद वह सीधे जिला महिला अस्पताल यानी डफरिन का निरीक्षण करने पहुंच गए। यहां पर भी तमाम अव्यवस्थाएं मिली, जिस पर उन्होंने अधीक्षक को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए।

# सपा कार्यालय पर विवादित पोस्टर

**भाजपा नेताओं और विपक्षी नेताओं के बयानों पर अलग-अलग कार्रवाई का आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय के बाहर एक विवादास्पद पोस्टर लगाया गया है। पोस्टर में भाजपा सरकार पर आपत्तिजनक बयानों को लेकर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया गया है। पोस्टर को दो भागों में बांटा गया है। एक तरफ नूपुर शर्मा, विजय शाह और अनुराग ठाकुर जैसे भाजपा नेताओं की तस्वीरें हैं। दूसरी तरफ अब्बास अंसारी, आजम खान, अफजल अंसारी और इरफान सोलंकी जैसे विपक्षी नेताओं की तस्वीरें हैं। पोस्टर का मुख्य संदेश है कि भाजपा नेताओं और विपक्षी नेताओं के बयानों पर अलग-अलग तरह की कार्रवाई की जाती है। समाजवादी छात्र सभा के जिला महासचिव सद्दाम अंसारी ने यह पोस्टर लगवाया है। उनका कहना है कि भाजपा मुस्लिम नेतृत्व को आगे नहीं बढ़ने देना चाहती। उन्होंने




कहा कि मुस्लिम नेताओं की सदस्यता तुरंत रद्द कर दी जाती है, जबकि भाजपा नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं होती। इस घटना के बाद शहर में राजनीतिक माहौल गरम हो गया है। समाजवादी पार्टी ने इसे अल्पसंख्यकों के प्रति भाजपा का पक्षपातपूर्ण रवैया बताया है। भाजपा की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# किराए के मकान में लगी आग

**❍ शिक्षिका के घर में साढ़े 3 लाख का नुकसान, सभी डॉक्यूमेंट्स जले**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में एक किराए के मकान में बीती रात अचानक आग लग गई। घटना असैदापुर एफसीआई गोदाम के पास स्थित संतोष मिश्रा के मकान में हुई। मकान में रहने वाली प्रीति तिवारी एक निजी विद्यालय में शिक्षिका हैं। घटना के समय प्रीति के भाई पूजा के लिए मंदिर गए थे। अकेली होने के कारण प्रीति पड़ोसी के घर चली गई थीं। इसी दौरान अज्ञात कारणों से मकान में आग लग गई। जब आग की लपटें बाहर निकलीं, तो आसपास के लोगों को जानकारी हुई। डॉक्यूमेंट्स जलकर राख ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर निजी संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग में घर का सारा सामान और महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए। प्रीति के अनुसार, आग से लगभग साढ़े तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सौभाग्य से रसोई घर दूसरी तरफ होने के कारण कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। प्रीति का भाई ट्रांसपोर्ट में काम करता है। दोनों भाई-बहन इसी मकान में किराए पर रहते हैं।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी

**पीजी कॉलेज में योग मैराथन का आयोजन, बुर्का पहनकर छात्राओं ने लगाई दौड़**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को सुल्तानपुर के गनपत सहाय पीजी कॉलेज में योग मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ। जहां छात्राओं ने बुर्का पहनकर दौड़ लगाया जो चर्चा का केंद्र रहा। कॉलेज के पयागीपुर स्थित मुख्य परिसर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी के मार्गदर्शन और प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह राणा के नेतृत्व में इस आयोजन को सफल बनाया गया। मुख्य महाविद्यालय प्रभारी प्रो. मो. शाहिद ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन की शुरूआत की। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. गीता त्रिपाठी ने सभी का धन्यवाद किया। बी.पी.एड विभाग के डॉ रवीन्द्र शुक्ला और डॉ विक्रमादित्य यादव ने विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर प्रो. शक्ति सिंह, प्रो. नीलम तिवारी, प्रो. मनोज मिश्रा, डॉ संध्या श्रीवास्तव, अरविंद द्विवेदी, डॉ अजय कुमार मिश्रा और डॉ विष्णु भी उपस्थित रहे।



# खुले नाले में गिरी कार




**❍ नगर पंचायत की लापरवाही से इसौली रोड पर हादसा, यात्री सुरक्षित**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क


अमेठी, इसौली रोड पर एक कार खुले नाले में फास गई। कार में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, नगर पंचायत की लापरवाही के कारण नाले पर पटिया नहीं लगाई गई थी। इस समस्या की शिकायत पहले भी कई बार नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अभियंता से की जा चुकी है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने मिलकर कार को नाले से बाहर निकाला। जब इस घटना के बारे में अधिशासी अभियंता रविन्द्र मोहन से संपर्क किया गया, तो उन्होंने सफाई नायक को निर्देश देकर तुरंत पटिया लगवाने का आश्वासन दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस मार्ग पर खुले नाले की वजह से अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। नगर पंचायत से जल्द कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

**डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को दिए कार्य में तेजी लाने के निर्देश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जल निगम विभाग के अधिकारी और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के हर घर तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री की उपलब्धता और ठेकेदारों की कार्यशैली की जानकारी ली। डीएम ने पाइपलाइन बिछाने की तकनीकी प्रक्रिया, जलस्त्रोतों की स्थिति और पानी की गुणवत्ता जांच पर चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिन क्षेत्रों में काम धीमी गति से चल रहा है, वहां तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए स्वयं गांवों का दौरा करने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर सभी लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि ग्रामीणों को कोई असुविधा न हो। बैठक का मुख्य उद्देश्य योजना को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा जनहितकारी बनाना था।



# 30 साल बाद नगर निगम ने कराया अवैध कब्जा खाली

**अलीगढ़ में रिटायर्ड अवर अभियंता के कब्जे वाले सरकारी आवास पर लगा ताला**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, नगर निगम ने 30 साल से चले आ रहे अवैध कब्जे को समाप्त कर दिया है।

थाना सिविल लाइन के लाल डिग्गी स्थित नगर आयुक्त आवास के पास स्थित सरकारी आवास को खाली करा लिया गया है। तत्कालीन अवर अभियंता गय्यूर अहमद ने गलत तथ्य पेश कर न्यायालय को गुमराह किया था। इसी आधार पर वह पिछले 30 वर्षों से इस सरकारी आवास पर काबिज थे। कई नगर आयुक्तों ने नोटिस जारी कर आवास खाली कराने का प्रयास किया। लेकिन गय्यूर अहमद न्यायालय की शरण का हवाला देकर टालते रहे। वर्तमान नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कार्यभार संभालते ही इस मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने संपत्ति प्रभारी सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह को निर्देश दिए। न्यायालय में रिट याचिका खारिज होने के बाद भी आवास खाली न करने पर गय्यूर अहमद को अंतिम नोटिस दिया गया।




नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। एसीएम प्रथम, प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन और संपत्ति लिपिक विजय गुप्ता की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराई गई।

भवन पर नगर निगम का बोर्ड लगाया गया और ताला लगा दिया गया। नगर आयुक्त ने कहा कि इस सफल कार्रवाई के लिए नगर निगम संपत्ति विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने बताया कि अन्य सरकारी भवनों की भी पहचान की जा रही है। जल्द ही ऐसी और कार्रवाई की जाएगी।

# बांके बिहारी कॉरिडोर के सभी पक्षों की बैठक

**व्यापारी, गोस्वामियों से ढाई घंटे मंथन, मंदिर पर तीर्थ पुरोहित महासभा ने किया प्रदर्शन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, बांके बिहारी कॉरिडोर और अध्यादेश को लेकर एक बार फिर अधिकारियों ने बैठक की। पर्यटक सुविधा केंद्र पर हुई बैठक में मंदिर के गोस्वामी, प्रभावित क्षेत्र के व्यापारी और स्थानीय लोग शामिल हुए। ढाई घंटे तक चली बैठक में अधिकारियों ने कॉरिडोर और अध्यादेश से प्रभावित होकर लोगों के इसके फायदे समझाने के प्रयास किए। पर्यटक सुविधा केंद्र पर एडीजी आगरा जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ की अध्यक्षता में हुई बैठक में कमिश्नर शैलेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी शैलेश पांडे, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बुलाए गए मंदिर के गोस्वामी और प्रभावित क्षेत्र के व्यापारियों से ढाई घंटे तक मंथन किया। अधिकारियों ने उनके मन की बात सुनी। बैठक में शामिल होने पहुंचे मंदिर के पुजारी अशोक गोस्वामी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि 2022 में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मंगला आरती के दौरान हुए हादसे के दोषियों पर आज तक कार्यवाही नहीं हुई। सरकार अध्यादेश लाकर न्यास बना रही है। जबकि मंदिर स्वामी हरिदास जी के वंशजों का है। इसके साथ ही कुछ लोगों ने कॉरिडोर का समर्थन भी किया।



# गोमती नदी में डूबने से बच्चे की मौत

**सुलतानपुर में भाई को बचाने के लिए कूदी बहन, बकरी चराने के बाद गया था नहाने**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर के देहात कोतवाली क्षेत्र के करोमी गांव में मंगलवार की रात करीब 8 बजे एक दर्दनाक घटना सामने आई। गोमती नदी में नहाते समय 7 वर्षीय जाहिद की डूबने से मौत हो गई। जाहिद करोमी ग्राम पंचायत के खलवा का पुरवा निवासी बाबू का पुत्र था। जाहिद पहले अपने दादा रईश अहमद के साथ नदी किनारे बकरी चराने गया था। घर लौटने के बाद वह अपनी चचेरी बहन खुशबू के साथ फिर से नदी की तरफ चला गया। नहाते समय जाहिद अचानक नदी में डूबने लगा। उसे बचाने के लिए खुशबू भी नदी में कूद गई। पास में मछली पकड़ रहे लोगों ने खुशबू को बचा लिया, लेकिन जाहिद को जब तक निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पंचायतनामा भरने के बाद शव का अंतिम संस्कार करवा दिया। देहात कोतवाली पुलिस अखंडदेव ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। जाहिद पहले भी दो बार मौत के करीब पहुंच चुका था।

# गोवंश आश्रय स्थल का डीएम-एसपी ने किया दौरा

**125 गायों की जांची स्थिति, ईयर टैगिंग और स्वास्थ्य सुविधाओं के निर्देश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, जायस में जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने विकासखंड बहादुरपुर स्थित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल मोहइया केसरिया का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गौशाला में रह रहे 125 गोवंशों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने पाया कि कुछ पशुओं की ईयर टैगिंग नहीं हुई है। इस पर उन्होंने सभी गोवंशों की ईयर टैगिंग कराने के आदेश दिए। अधिकारियों ने गोवंशों के संरक्षण, आहार, चिकित्सा और स्वच्छता व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। बीमार पशुओं के इलाज के लिए पशु चिकित्साधिकारी को विशेष निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर, टीकाकरण रजिस्टर, चारा/भूसा रजिस्टर और केयरटेकर के भुगतान की स्थिति की जांच की। उन्होंने सभी रिकॉर्ड नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कमजोर और बीमार गोवंशों पर विशेष ध्यान देने के साथ गौशाला में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।



स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी